हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 24.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 296 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**कलबुर्गी :** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के चित्तापुर तालुक के लाडलापूर गांव के समीप शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा क्रूजर वाहन और एक तेज रफ्तार ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ।

### पांच लाख के इनामी सहित दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार :** लातेहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पकड़ में आए नक्सलियों में 5 लाख रुपये का इनामी सब-जोनल कमांडर शिवनारायण सिंह उर्फ शिवा और एरिया कमांडर शुकुलदेव उरांव शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों नक्सली लातेहार जिले के ही निवासी बताए जा रहे हैं।

### ट्विशा प्रकरण : पति समर्थ सिंह का वकालत लाइसेंस निलंबित

**नयी दिल्ली :** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपित पति समर्थ सिंह के वकालत के लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीसीआई अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य मनन कुमार मिश्रा ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। प्रारंभिक जांच और अभियोजन पक्ष तथा ट्विशा शर्मा के परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि समर्थ सिंह ने अपनी पत्नी की हत्या की है।

### बंगाल में अब सिर्फ 1 दिन की होगी बकरीद की छुट्टी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित सरकार ने ईद-उल-जोहा (बकरीद) के अवसर पर मिलने वाले राजकीय अवकाश में बड़ा बदलाव किया है। राज्य सरकार की ओर से जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, इस बार प्रदेश में बकरीद पर सिर्फ 1 दिन की छुट्टी रहेगी। इसके साथ ही सरकार ने पुरानी ममता बनर्जी सरकार द्वारा पिछले साल 27 नवंबर को जारी किए गए उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें 2 दिन की छुट्टी की घोषणा की गई थी। 26 और 27 मई की छुट्टियां रद्द, अब 28 मई को रहेगा अवकाश राज्य के वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित नोटिफिकेशन के मुताबिक, पूर्व में 26 मई (मंगलवार) को बकरीद का पूर्व दिवस और 27 मई (बुधवार) को बकरीद के मौके पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था।

बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश, कहा

# पानी की किल्लत दूर करना प्रशासन की जिम्मेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव (लू) की स्थिति को देखते हुए उच्च स्तरीय निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी उपायुक्तों (डीसी), पुलिस अधीक्षकों (एसपी), थाना प्रभारियों, अंचलाधिकारियों (सीओ), प्रखंड विकास पदाधिकारियों (वीडियो) और पंचायत प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे सभी सरकारी कार्यालयों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पानी के स्रोतों पर स्पष्ट सूचना भी प्रदर्शित की जाए, ताकि राहगीरों एवं आम लोगों को इस भीषण गर्मी में तुरंत राहत मिल सके।

## सरकार करेगी सतत निगरानी, लापरवाही पर नपेंगे अधिकारी

### महत्वपूर्ण निर्देश

- जल संकट वाले इलाकों में तत्काल टैंकरों से होगी पानी की सप्लाई
- गाँवों-मोहल्लों में खराब पड़े चापाकलों को तुरंत ठीक करने का हुक्म
- पानी की किल्लत दूर करना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी: मुख्यमंत्री
- डीसी, एसपी से लेकर थानेदार और बीडीओ तक को दिए गए सख्त निर्देश
- जनहित सर्वोपरि, पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से काम करे प्रशासनः सीएम



### संवेदनशीलता से कार्य करे प्रशासनः सोरेन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से राज्य की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार के लिए जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में पूरा प्रशासन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ धरातल पर कार्य करे, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की किल्लत का सामना न करना पड़े।

### जल संकट वाले क्षेत्रों में तत्काल टैंकरों से होगी जलापूर्ति

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी उपायुक्तों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में जहाँ कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहाँ बिना किसी देरी के तत्काल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जाए। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों (हैंडपंपों) की मरम्मत युद्धस्तर पर कराने और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएँ मुस्तैद रखने की बात कही गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी गाँव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी के कारण लोगों को परेशानी न हो, यह प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# तेलंगाना में लू से 16 की मौत, मुआवजे की घोषणा

एजेंसी

**हैदराबाद :** तेलंगाना में भीषण गर्मी के बीच लू से 16 लोगों की मौत हो चुकी है। ये मौतें राज्य के सात अलग-अलग जिलों में हुई हैं। राज्य के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकार ने मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

शनिवार को तेलंगाना के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में हीटवेव की वजह से पैदा हुए हालात पर चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि जयशंकर भूपालपल्ली जिले में चार, वारंगल शहरी, करीमनगर और निजामाबाद में तीन-तीन, जबकि जोगुलांबा गडवाल, रंगारेड्डी और सूर्यापेट जिलों में एक-एक व्यक्ति की जान गई है। राजस्व मंत्री रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मंडलों और गांवों में तापमान सबसे अधिक दर्ज किया जा रहा है, वहां के निवासियों को पहले से चेतावनी जारी की जाए। बस स्टैंड, बाजारों और मजदूरों के जमावड़े वाले प्रमुख स्थानों पर ठंडा पेयजल, छाछ और ओआरएस पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानव जीवन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### जमशेदपुर में लू से तीन मजदूरों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। पिछले एक सप्ताह के भीतर लू लगने से तीन मजदूरों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद लोगों में दहशत का माहौल है और दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई है। शुक्रवार देर शाम परसुडीह के हलुदबनी निवासी 36 वर्षीय राजमिस्त्री सिपाही लोहार की लू लगने से मौत हो गई। बताया गया कि वह बिरसानगर में काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान गोलमुरी थाना क्षेत्र के मथुरा बगान के पास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर पड़ा।

# चीन के कोयला खदान में विस्फोटः 90 की मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चीन के उत्तरी हिस्से में स्थित शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण गैस विस्फोट हुआ। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार शाम को हुई इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 90 हो गई है। यह हादसा बीजिंग से 520 किलोमीटर दूर, शुक्रवार शाम लगभग 7.29 बजे शांक्सी प्रोविंस के किनयुआन काउंटी स्थित लियुशेन्यु कोयला खदान में हुआ। यह घटना उस समय हुई, जब खदान के अंदर कुल 247 मजदूर काम कर रहे थे। शुरूआती रिपोर्ट में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी, जबकि 200 से ज्यादा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। शुरूआती रिपोर्ट्स में बताया गया था कि खदान के अंदर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का स्तर खतरनाक सीमा से ऊपर पहुंच गया था। हादसे से पहले कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के रिसाव का अलर्ट जारी किया गया था। इसके थोड़ी ही देर बाद भीषण विस्फोट हो गया। यह गैस बेहद जहरीली होती है और इसमें कोई गंध नहीं होती। कुछ मजदूरों की हालत गंभीर बताई गई थी, जबकि कई लोग लंबे समय तक खदान के अंदर फंसे रहे।



### शी जिनपिंग ने दिए सख्त निर्देश

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अधिकारियों को घायलों के इलाज और राहत कार्य में कोई कसर न छोड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने हादसे के कारणों की जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश भी दिए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक शी जिनपिंग ने कहा कि सभी क्षेत्रों और विभागों को इस हादसे से सबक लेना चाहिए और कार्यस्थल की सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्क रहना होगा। उन्होंने बड़े और विनाशकारी हादसों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पर जोर दिया।

# एनआईए का खुलासाः एक ही एम-4 कार्बाइन से हुए थे पहलगाम और गगनगीर हमले

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** 'ऑपरेशन महादेव' के तहत पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इस बड़ी सैनिक कार्रवाई ने न केवल पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया, बल्कि 20 अक्टूबर 2024 को हुए गगनगीर आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वालों को भी इंसाफ दिलाया है। पहलगाम हमले की गहन जांच के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गगनगीर हमले से इसका सीधा संबंध स्थापित करने में पूरी तरह सफल रही, जिसमें 7 लोगों की जान चली गई थी।

### बैलिस्टिक जांच में खुला चौंकाने वाला कनेक्शन



जांच में यह बेहद चौंकाने वाली बात सामने आई है कि गगनगीर और पहलगाम, दोनों ही घटना स्थलों से बरामद कारतूसों के खोखे एक ही एम- 4 कार्बाइन (आधुनिक स्वचालित हथियार) से चलाए गए थे। यह खतरनाक हथियार उन सुरक्षा बलों ने बरामद किया था, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। उल्लेखनीय है कि 20 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में रणनीतिक जेड-मोड़ सुरंग के पास काम कर रहे मजदूरों के कैंप पर हमला किया था। आतंकवादियों ने डाइनिंग मेस के अंदर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें एक डॉक्टर सहित 7 लोग मारे गए थे।

# दो पैन कार्ड केस मामले में आजम खां की सजा तीन साल बढ़ी

एजेंसी

**रामपुर :** सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सरकार की अपील मंजूर करते हुए आजम खां की सजा सात वर्ष से बढ़ाकर 10 साल कर दी है। साथ ही उन पर लगाया गया 50 हजार रुपये का जुमार्ना बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया गया है। हालांकि अब्दुल्ला आजम को राहत मिली है। उनकी सात साल की सजा बरकरार रखी गई है लेकिन जुमार्ने की राशि बढ़ा दी गई। पहले उन पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। जिसे बढ़ाकर चार लाख रुपये कर दिया गया है।



# प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 19वें रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि देश का युवा विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला है और आने वाले वर्षों में नई अर्थव्यवस्था तथा टेक्नोलॉजी आधारित क्षेत्रों में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले युवा रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं तथा वे देश की विकास यात्रा के जिम्मेदार भागीदार बनेंगे।

# बड़ा फेरबदल : रांची पुलिस के 18 अधिकारियों का तबादला

- प्रकाश कुमार रजक बने बरियातू थाना के नए प्रभारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय की ओर से जारी आदेश के तहत 15 पुलिस अधिकारियों और तीन इंस्पेक्टरों का तबादला करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी अधिकारियों को शीघ्र अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार रजक को बरियातू थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं इंस्पेक्टर मनोज कुमार-2 को गोन्दा यातायात थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इंस्पेक्टर रेणु गुप्ता को चुटिया (कोतवाली) यातायात थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अवध बिहारी कुंवर को खेलगांव यातायात थाना तथा धर्मेन्द्र कुमार को पंडरा यातायात थाना का नया प्रभारी बनाया गया है।

उप-निरीक्षक स्तर पर भी कई अहम बदलाव किए गए हैं। शैलेन्द्र टुडू को नरकोपी थाना प्रभारी, कफील अहमद को बेड़ो थाना प्रभारी, विकास कुमार पासवान को मुरी ओपी प्रभारी और दिनेश कुमार ठाकुर को विधानसभा थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा शिवनारायण तिवारी को ईटकी थाना, गगन कुमार ठाकुर को सिकिदिरी थाना तथा दुलाल कुमार महतो को तमाड़ थाना की कमान सौंपी गई है। वहीं कुन्दन कुमार को दशमफॉल थाना और अभिषेक कुमार-2 को राहे थाना का प्रभारी बनाया गया है।

टीओपी स्तर पर भी प्रशासन ने बदलाव करते हुए राहुल को मोरहाबादी टीओपी, विवेक कुमार दुबे को चुटुपालू टीओपी तथा पूजा विभुति उरांव को सुखदेवनगर स्थित हिल टीओपी का प्रभारी नियुक्त किया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस व्यापक फेरबदल का उद्देश्य थाना स्तर पर पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाना, अपराध नियंत्रण को मजबूत करना और यातायात व्यवस्था में सुधार लाना है। अधिकारियों के नए पदस्थापन से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पीएम से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री को दिया व्हाइट हाउस आने का न्योता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के आधिकारिक दौरे पर आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री रूबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पीएम मोदी को निकट भविष्य में आधिकारिक यात्रा पर व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया। बैठक में भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।



### विभिन्न रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा

मुलाकात के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। बातचीत में मुख्य रूप से रक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी (क्रिटिकल टेक्नोलॉजी), व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, शिक्षा और पीपुल-टू-पीपुल (जनता के बीच) संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, रूबियो ने पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) की स्थिति समेत विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिकी दृष्टिकोण भी साझा किया।

### संवाद और कूटनीति से ही निकलेगा समाधानः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक शांति प्रयासों के प्रति भारत के लगातार समर्थन को दोहराते हुए कहा कि दुनिया के सभी संघर्षों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति (डायलॉग एंड डिप्लोमेसी) के माध्यम से ही होना चाहिए। पीएम मोदी ने रूबियो से राष्ट्रपति ट्रंप को अपनी शुभकामनाएं पहुंचाने का आग्रह किया और कहा कि वह उनके साथ आगे भी निरंतर संवाद की अपेक्षा रखते हैं।

### जल्द खत्म होगा अमेरिका-ईरान युद्ध

भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ईरान-अमेरिका युद्ध के खत्म होने पर बड़ी खुशखबरी दी है। रूबियो ने कहा कि इस बात की संभावना है कि ईरान शनिवार तक मिडिल ईस्ट युद्ध को खत्म करने वाली डील स्वीकार कर ले। रूबियो ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा, इस बात की संभावना है कि, चाहे आज बाद में हो, कल हो, या कुछ दिनों में, हमारे पास कहने के लिए कुछ हो सकता है।" साथ ही, उन्होंने 'अच्छी खबर' की उम्मीद भी जताई।युद्ध की पृष्ठभूमि और कारण28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त अभियान चलाकर ईरान पर हवाई हमले किए थे, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई मारे गए। इसके बाद ईरान ने खाड़ी देशों पर पलटवार शुरू कर दिया और यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन समेत तमाम ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी बेस मौजूद थे।

### दोनों देशों के शीर्ष राजनयिकों ने जताई खुशी

मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो का स्वागत करके खुशी हुई। भारत-अमेरिका साझेदारी में हो रही निरंतर प्रगति और वैश्विक शांति से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों देश वैश्विक हित के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के साथ सुरक्षा, व्यापार और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सकारात्मक बातचीत हुई। भारत, अमेरिका का एक अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है और दोनों देश मिलकर एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसिफिक) क्षेत्र को आगे बढ़ा रहे हैं।

## एक नजर

### आग लगने से तीन सब्जी की दुकान जलकर राख, जांच में जुटी पुलिस



**बरही :** बरही गया रोड स्थित भामाशाह विद्यालय के समीप सब्जी दुकानों में बीते रात भीषण आग लगने से तीन सब्जी की दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। जिसमें करीब साढ़े छह लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने की घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई तथा व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त है। भुक्तभोगियों के अनुसार देर रात दुकानों में आग लगने की सूचना तत्काल बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना में संतोष कुमार केशरी का हार्डवेयर दुकान में करीब चार लाख रुपये मूल्य का सामान जल गया। वहीं धर्मदेव साव की सब्जी दुकान में लगभग डेढ़ लाख रुपये तथा विजय साव की सब्जी दुकान में करीब एक लाख तीस हजार रुपये की क्षति हुई है। इसके अलावा आशीष केशरी का ठेला भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर दुकानों में आग लगाई गई है। घटना के बाद व्यापारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है तथा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### काटमकुकु लोधमा स्थित बीएड कॉलेज में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**खूंटी :** पटेल बीएड कॉलेज, काटमकुकु लोधमा में शनिवार को कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बीएड प्रशिक्षुओं की रचनात्मक क्षमता, कल्पनाशीलता और शैक्षणिक कौशल को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव, प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा तैयार की गई विविध कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा बनाई गई आकर्षक पेंटिंग, मिट्टी से निर्मित मॉडल, वेस्ट मटेरियल से तैयार सजावटी वस्तुएं, कढ़ाई-बुनाई के नमूने, रंगीन चार्ट और विभिन्न प्रोजेक्ट कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इन रचनात्मक कार्यों में विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और नवाचार स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अतिथियों और आगंतुकों ने छात्रों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की और इसे शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। कॉलेज प्रबंधन की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।
कॉलेज के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका सुषमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीतों, लोक नृत्यों और नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ने किया बरही प्रखंड के 56 टॉपर बच्चों सहित 42 विद्यालय को सम्मानित

# लक्ष्य निर्धारण कर तैयारी करने वाले बच्चे आसानी से मंजिल पा सकते है : मनोज यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की ओर से नगर भवन बरही में प्रतिभा सम्मान समारोह सह विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सचिव कृष्णा प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष प्रो हीरामन साव,बीडीओ जयपाल महतो, मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन बरही के अध्यक्ष पीके गर्ग, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्त, सचिव संजय दुबे, उपाध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे, डॉ सुनील कुमार यादव, संयुक्त सचिव मथुरा प्रसाद, दिनेश्वर यादव,





सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, रंजीत सिंह, डॉ अनिल कुमार , सतेंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर विधायक सहित सभी अतिथियों को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के द्वारा प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज परिसर में संचालित दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के बच्चियों के द्वारा ऑपरेशन मैनेजर दिलीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में स्वागत नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मौके पर विधायक सहित अन्य अतिथियों के द्वारा बरही प्रखंड के 42 विद्यालयों के कुल 56 विद्यालय टॉपर को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 42 सरकारी एवं निजी विद्यालय को प्रशस्ति पत्र एवं बुक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 20 वैसे लोगों को सम्मानित किया गया जिनके द्वारा ई लायब्रेरी बनाने एवं आधुनिक सुसज्जित बनाने में आर्थिक सहयोग किया गया था। उन्हें प्रशंसा पत्र सह धन्यवाद पत्र के साथ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को बीडीओ जयपाल महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम तथा पीके गर्ग ने कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं जरूरतमंद बच्चों को जरूरी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही सभी ने शिक्षा का महत्व तथा प्रतियोगी परीक्षा के लिए लाइब्रेरी की महत्ता पर प्रकाश डाला। टॉपर बच्चों को सम्मानित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान होना चाहिए। साथ प्रतिभा को निखारने वाले विद्यालय का भी सम्मान होनी चाहिए। कहा कि अनुशासन पूर्वक तैयारी करने वाले बच्चे मंजिल को प्राप्त कर सकते है। स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय वैसे बच्चों के लिए मददगार साबित होगा जो आर्थिक अभाव में अपनी मंजिल नहीं प्राप्त कर पाते है। कार्यक्रम में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के बच्चियों ने नागपुरी झारखंडी नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष प्रो हीरामन साव एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति, संजय दुबे एवं डॉ सुनील कुमार दत्त ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर भरत यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, कमल शंकर पंडित, पुरुषोत्तम सिंह, राजेश रजक, मिथलेश सिंह, दिनेश्वर यादव, रामचंद्र साव, सतेंद्र सिंह, हिमांशु बमबम, मथुरा प्रसाद, राज आर्यन, विकास बाल्मिकी, राजेश कुमार, शिव कुमार, नागेश्वर रजक, सिकंदर कुशवाहा, शिशिर कुमार, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बकरीद पर्व को लेकर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बकरीद पर्व को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल व संचालन थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने आपसी सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एंव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे में सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरें एव अफवाहों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होत है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## विधायक ने पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 3 स्थित अवधपुरी कॉलोनी में रविवार को विकास की एक नई तस्वीर देखने को मिली, जब स्थानीय विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधायक निधि से निर्मित पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति और जलजमाव की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मोहल्लेवासियों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और जनहित में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि "तपती दुपहरी हो या आधी रात, मैं हर परिस्थिति में हजारीबाग की जनता के साथ मजबूती से खड़ा हूँ। विकास केवल बड़ी घोषणाओं का नाम नहीं, बल्कि आम लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान ही असली विकास है। उन्होंने कहा कि अवधपुरी कॉलोनी में सड़क और नाली निर्माण कार्य जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे आज पूरा कर बेहद खुशी महसूस हो रही है। विधायक ने स्पष्ट कहा कि विधायक निधि का उपयोग जनता की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर ही किया जा रहा है और आगे भी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का काम लगातार जारी रहेगा।

## देशभर के युवाओं के सपनों को नई पहचान दे रही चाणक्य आईएएस अकादमी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भारत में सिविल सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व, प्रशासनिक जिम्मेदारी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानी जाती है। हर वर्ष देशभर के लाखों युवा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा, आईआरएस एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में जाने का सपना देखते हैं। इन सेवाओं के लिए चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। यूपीएससी परीक्षा आज देश के युवाओं के लिए केवल करियर का विकल्प नहीं, बल्कि सम्मान, सेवा और नेतृत्व का प्रतीक बन चुकी है। गांवों से लेकर महानगरों तक, सामान्य परिवारों से लेकर सीमित संसाधनों वाले युवाओं तक, हर वर्ग के विद्यार्थी इस परीक्षा के माध्यम से अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश की प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा बनना चाहते हैं। संघ लोक सेवा आयोग भारत सरकार का संवैधानिक आयोग है, जो देश की विभिन्न केंद्रीय सिविल सेवाओं के लिए अधिकारियों का चयन करता है। यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस सहित अनेक महत्वपूर्ण सेवाओं में नियुक्ति की जाती है। यही अधिकारी देश की प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, विदेश नीति, विकास योजनाओं, कर व्यवस्था और जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चाणक्य आईएएस अकादमी के निदेशक विनय मिश्रा ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में शामिल है। इसमें सफलता के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, समय प्रबंधन, विश्लेषणात्मक सोच और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। परीक्षा के तीन चरण – प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू – अभ्यर्थियों की बौद्धिक क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति और व्यक्तित्व का व्यापक परीक्षण करते हैं।

## छड़वा डैम के विकास कार्यों के मद्देनजर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से छड़वा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल तेज कर दी गई है। इसी क्रम में उपायुक्त हेमन्त सती ने आज छड़वा डैम परिसर का भ्रमण कर प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह, नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय तथा जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने संपूर्ण डैम परिसर का भ्रमण करते हुए प्रस्तावित बोटिंग सुविधा, पार्क निर्माण स्थल, बहुउद्देशीय भवन निर्माण स्थल एवं पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर योजनाओं को जल्द मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने नगर आयुक्त को डैम के क्षतिग्रस्त गेट के निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा एवं संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि छड़वा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने से न केवल जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर हजारीबाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शनिवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना भवन, हजारीबाग में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य प्रथम संतान के जन्म से पूर्व एवं पश्चात गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त आराम सुनिश्चित करना तथा मजदूरी हानि की आंशिक भरपाई के रूप में 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से जोड़ने तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि दूसरी संतान बालिका हो, तो लाभुक को अतिरिक्त 6000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, ताकि बालिका के प्रति सकारात्मक सोच एवं व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा सके। मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित इस योजना का लाभ 18 वर्ष 7 माह से 55 वर्ष तक की सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों की गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को दिया जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रथम गर्भावस्था का पंजीकरण तथा एलएमपी तिथि से छह माह के भीतर कम-से-कम एक प्रसव पूर्व जांच आंगनबाड़ी केंद्र अथवा स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थान में कराना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में बताया गया कि दूसरी किस्त शिशु के जन्म पंजीकरण एवं 14 सप्ताह की आयु तक सभी निर्धारित टीकाकरण पूर्ण होने पर प्रदान की जाती है। वहीं दूसरी संतान बालिका होने की स्थिति में गर्भावस्था पंजीकरण, जन्म पंजीकरण एवं निर्धारित टीकाकरण पूर्ण होने पर अतिरिक्त लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान नए लाभुकों के पंजीकरण, डुप्लिकेट मामलों की समाप्ति, NPCI से लाभुकों को जोड़कर डीबीटी माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करने तथा FRS के माध्यम से सत्यापन प्रक्रिया एवं प्रविष्टि संबंधी समस्याओं के समाधान के विषय में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया, ताकि योजना का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरीद को लेकर प्रशासन के द्वारा किया गया मॉक ड्रिल व फ्लैग मार्च



**बड़कागांव :** बड़कागांव में बकरीद त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक पर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों के द्वारा लोगों को शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया गया। एवं माहौल को खराब करने वाले शरारती तत्वों को सचेत किया गया। इस दौरान शरारती तत्वों एवं माहौल को खराब करने वाले लोगों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल में पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज ,पानी का बौछार एवं फायरिंग दिखलाया गया। मौके पर एसडीपीओ अमित आनंद ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक बनाएं एक दूसरे का सहयोग करें, मिलजुल कर रहे। शिकायत का मौका नहीं दें। सोशल मीडिया में माहौल को खराब करने वाला मैसेज अगर कोई डालता है उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी किसी भी हालत में उसे छोड़ा नहीं जाएगा। वही अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं से भी कुछ घटना हो तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बड़कागांव इंस्पेक्टर शाहीद रजा, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, राकेश खवास, अमित कुमार वरुण कुमार, हादी खान के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### बकरीद पर्व को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**बरही :** आगामी बकरीद पर्व को लेकर बरही थाना में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसका संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। बैठक में जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अर्जुन साव समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में बनाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार ने सोशल मीडिया पर फैलने वाले भ्रामक और भड़काऊ वीडियो से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या वीडियो की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। साथ ही उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मौके पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, रसोईया धमना पंसस मो तैयब, समाजसेवी मो बेलाल, समाजसेवी देवानंद कुमार एवं समाजसेवी पप्पू खान समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

### बरही विधानसभा क्षेत्र में 'अनमैप्ड इलेक्टर्स' की सूची जारी, मतदाताओं से नाम जांचने की अपील



**बरही :** 21-बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शनिवार को 'अनमैप्ड इलेक्टर्स' की सूची चस्पा कर दी गई है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बरही ने आम सूचना जारी कर मतदाताओं से सूची में अपना नाम जांचने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत यह कार्रवाई की गई है। 'अनमैप्ड इलेक्टर्स' वे मतदाता हैं जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। प्रखण्ड प्रशासन के अनुसार, 21-बरही विधानसभा के सभी मतदाता 23 मई 2026 (शनिवार) एवं 24 मई 2026 (रविवार) को कार्यालय अवधि तक अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ के पास उपलब्ध सूची में नाम देख सकते हैं। यदि नाम न मिले तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित बीएलओ से संपर्क कर नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी करें। पदाधिकारी ने विशेष अपील की है कि जिन मतदाताओं के नाम पूर्व की सूची से छूट गए हैं, वे इस दो दिवसीय मौके का लाभ उठाएं। यह कदम मतदाता सूची को पूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के लिए उठाया गया है ताकि आगामी चुनाव में कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे।

### खेल मैदान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण का विरोध, खाली जमीन पर भवन बनाने की मांग



**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र के धनवार पंचायत अंतर्गत धनवार मौजा में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस स्थल पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण की योजना बनाई गई है, वह वर्षों से बच्चों और युवाओं का खेल मैदान रहा है। यहां प्रतिदिन गांव के दर्जनों बच्चे व युवा बॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि यदि उक्त मैदान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया गया तो क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को भारी नुकसान होगा। शनिवार को प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य को लेकर संवेदक द्वारा उक्त विवादित भूमि पर ले-आउट करने को आया था। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कड़ा विरोध किया। बडी संख्या में गांव के खिलाड़ी व खेल प्रेमी उक्त जमीन पर पहुंच शांति पूर्वक विरोध किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि खेल मैदान को सुरक्षित रखते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध किसी खाली पड़े जमीन पर कराया जाए। इस संबंध में समाजसेवी सह राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन बरही अनुमंडल के उपाध्यक्ष महेश प्रसाद ने बताया कि धनवार पंचायत में कई सरकारी एवं गैरमजरूआ खाली भूमि उपलब्ध है, जहां स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण आसानी से किया जा सकता है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन अनुमंडल संगठन सचिव मनोज कुमार कहा कि खेल मैदान बच्चों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास का प्रमुख केंद्र होता है। ऐसे में मैदान को समाप्त कर भवन निर्माण करना उचित नहीं है।

## एक नजर

### विकास कुमार पासवान बने मुरी ओ पी थाना के नए प्रभारी



**मुरी** : मुरी ओ पी थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में विकास कुमार पासवान ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि लोग अपनी समस्या को लेकर सीधे मुझसे संपर्क करें। लोगों की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। पुलिस और जनता के बीच सामंजस्य बैठाकर काम किया जाएगा ।उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी ।अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस हर स्तर पर कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर मुरी ओ पी के अवर निरीक्षक मणि भूषण पासवान, उदय कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, मुन्ना सिंह, मोहनलाल हंसदा, रितेश वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### टाटीसिलवे में बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता परेशान

**अनगडा** : नामकोम झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति बिजली विभाग कार्यालय में एक घटना सामने आई है कि की उपभोक्ता असफाक अंसारी ने बताया कि बकाया राशि भुगतान करने के बाद भी 8 दिन का बिल 3200/- रुपए बिल दिखा रहा है दूसरी बात यह है की एक महीने का 8000 बिल दिखा रहा है ुउपभोक्ताओं में काफी रोष देखने को मिला उपभोक्ताओं ने कहा कि इस भीषण गर्मी में विभाग अपनी लापरवाही को नजर अंदाज कर आम जनता को परेशान किया जा रहा है ु मामला को बताने के बाद भी मीटर चेक नहीं किया गया बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता झेल रही है। इस बात को लेकर विभागीय अधिकारियों को कैंप में भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और कुछ उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या बताया कि एक महीने का बिल 8000 रुपए बिजली विभाग के अधिकारियों ने टाल मटोल कर उपभोक्ता को भेज देते हैं टाटीसिलवे स्टेशन के एक उपभोक्ता ने बिजली विभाग पर गलत बिलिंग का आरोप लगाया है। उपभोक्ता के अनुसार एक महीने का बिजली बिल लगभग ?10,000 आया है। हैरानी की बात यह है कि बिजली लाइन काटे जाने के बाद भी मीटर में एक दिन का 18 यूनिट खपत दर्ज हो रही है। उपभोक्ता ने मामले की जांच कराकर बिल में सुधार की मांग की है। उपभोक्ताओं ने विभाग को इस मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

### समाजसेवी बजरंग महतो से 50 लाख रंगदारी की मांग

**रांची** : रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर निवासी समाजसेवी बजरंग महतो से 50 लाख की रंगदारी मांगने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। रंगदारी नहीं देने पर फौजी कार्रवाई करने की धमकी दी गई है। इस संबंध में बजरंग महतो ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित बजरंग महतो ने प्राथमिकी में बताया है कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी एक विदेशी नंबर से उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने दो दिनों के भीतर 50 लाख देने को कहा। रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और कार्रवाई करने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

### कांके डैम में चलाया स्वच्छता अभियान

**रांची** : स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अवसर पर एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की ओर से शनिवार को कांके डैम पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बकायदा सामुदायिक सौहार्द एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कांके डैम मैदान पर आसपास के ग्रामीणों के साथ एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया।

# मतदान केंद्रों पर प्रकाशित हुई अन-मैप्ड मतदाता सूची, लोग खोज रहे अपना नाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत शनिवार से सभी मतदान केंद्रों पर अन-मैप्ड मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर सूची में अपना नाम जांचते नजर आए। जिन मतदाताओं का नाम अन-मैप्ड सूची में पाया जा रहा है, वे संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर अपनी जानकारी साझा करते हुए मतदाता सूची में मैपिंग की प्रक्रिया पूरी करवा रहे हैं।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम पहले से ही मैप्ड रहेगा, उन्हें एसआईआर के दौरान किसी प्रकार के अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलायी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, राज्यभर के सभी मतदान केंद्रों पर 23 मई से अगले दो सप्ताह तक अन-मैप्ड मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। इस दौरान मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम अन-मैप्ड सूची में शामिल है, तो वह तुरंत अपने बीएलओ से संपर्क करे और पूर्व गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची के आधार पर अपनी मैपिंग सुनिश्चित कराए। इससे भविष्य में मतदान से जुड़ी किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सकेगा।

निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखना है, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए। इसके लिए बीएलओ स्तर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और मतदाताओं की सहायता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

## रांची में जवान की शर्मनाक हरकत छात्रा से छेड़छाड़ के बाद भीड़ ने पीटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक जवान ने बीच सड़क पर कॉलेज छात्रा के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। वारदात के बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी को मौके पर ही पकड़कर जमकर पीट दिया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

छात्रा के शोर मचाते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और भाग रहे आरोपी जवान को दबोच लिया। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने आरोपी की जमकर धुनाई कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही लालपुर थाना की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को उग्र भीड़ से बचाकर अपने हिरासत में लिया।



### कॉलेज सेघर लौट रही थी छात्रा

लालपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा मोरहाबादी स्थित अपने कॉलेज से पढ़ाई पूरी कर घर लौट रही थी। जब वह करमटोली चौक होते हुए डॉक्टर एसएन यादव वाली गली से गुजर रही थी, इसी दौरान आरोपी जवान ने पीछे से आकर उसे पकड़ लिया और गलत हरकत करने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने मौके से भागने की कोशिश की।

### मामला दर्ज, आरोपी भेजा गया जेल

लालपुर थाना प्रभारी रूपेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है, जिसमें आरोपी की करतूत साफ दिखाई दे रही है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी जवान को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## झारखंड के 8 जिलों में आज बारिश, वज्रपात की संभावना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य के 08 जिलों में 24 मई को गर्जन के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इस दौरान राज्य के तीन जिलों गढ़वा, पलामू और चतरा में हीट वेव (लू) चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य के जिन 8 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है उनमें गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.4 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री गोड्डा में रिकॉर्ड किया गया।

### कालियासोल में 40.2 मिमी बारिश दर्ज

इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के कलियासोल में 40.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। साथ ही इस दौरान राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई, उनमें अमरपारा में 16 मिमी, जामताड़ा में 8.6 मिमी, नारायणपुर में 4.6 मिमी, पुटकी में 4.4 मिमी और पंचेत डीवीसी में 2.8 मिलीमीटर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और दिनभर प्रचंड गर्मी महसूस की गई।

शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 38.6 डिग्री और न्यूनतम 29.2 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## आरएसए ग्रीन ने आरएसए ब्लू को 5 विकेट से हराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अंडर 12 आरएसए किड्स प्रीमियम लीग मुकाबले में आरएसए ग्रीन ने आरएसए ब्लू को 5 विकेट से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।

आरएसए ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू ने 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाया। टीम की ओर से कप्तान सौम्यश ने 24 और शाहब रहमान ने नाबाद 24 रन बनाए।

वहीं ग्रीन की ओर से गेंदबाजी में स्नेह सृजन 23 रन देकर 2 विकेट और आदविक ने 15 रन देकर 2 विकेट लिए।

जवाब में आरएसए ग्रीन ने अपने कप्तान स्नेह सृजन के 54 रन की शानदार पारी की बदौलत 16 ओवर में हीं 5 विकेट पर 150 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। अभिषेक तिवारी ने भी ग्रीन के लिए




कप्तान स्नेह सृजन का बेहतरीन प्रदर्शन

24 नाबाद रन का योगदान दिया। ब्लू की ओर से असजाद अंसारी ने 35 रन देकर 2 विकेट लिए। ग्रीन के कप्तान स्नेह सृजन को शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। वहीं शाहब रहमान को प्रॉमिसिंग प्लेयर और मास्टर आर्यन को राइजिंग प्लेयर के पुरस्कार से नवाजा गया। टूनार्मेंट के सभी मैच बरियातू के महात्मा गांधी ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं।

### झारखंडी अस्मिता और जल-जंगल-जमीन पर आधारित फिल्म

## सहरिया द जंगल ऑफ वॉरियर 5 जून को होगी रिलीज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जल-जंगल-जमीन और आदिवासी अस्मिता की पृष्ठभूमि पर आधारित बहुप्रतीक्षित नागपुरी फिल्म सहरिया द जंगल ऑफ वॉरियर अब रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म आगामी 05 जून को झारखंड सहित देश के कुछ अन्य राज्यों के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

यह जानकारी फिल्म की कलाकार रंजू मिंज ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि इसमें समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

फिल्म का निर्माण रोशन उरांव के निर्देशन में तथा अनमोल खलखो के सहयोग से किया गया है। इसे बिट्स ऑफ मेलोडी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तैयार किया गया है। फिल्म के तकनीकी पक्ष को भी उच्च स्तर




पर तैयार किया गया है, जिसमें डीआई और मास्टर प्राइम मिक्सिंग चंडीगढ़ (पंजाब) में की गई है।

फिल्म की कहानी झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें जल-जंगल-जमीन की रक्षा, सामाजिक संघर्ष और विशेष रूप से मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) जैसे गंभीर और ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। इसके साथ ही फिल्म में झारखंड के वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी विशेष रूप से दशार्या गया है, जिससे यह फिल्म ऐतिहासिक और सामाजिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण बन जाती है।

फिल्म के मुख्य कलाकारों में राजू तर्की, नितेश कच्छप, आशीष तिग्गा, भूषण नायक, रंजू मिंज, चांदनी बड़ाइक, एंजेल लकड़ा, प्रिया वर्मा, ईशा बड़ाईक और अंशु अग्रवाल शामिल हैं। वहीं नकारात्मक भूमिकाओं में सतीष सहदेव, दीपक लोहार और रवि राज ने अभिनय किया है। फिल्म का छायांकन धीरज डेनियल एवं सैम्यूल लकड़ा ने किया है, जबकि संपादन रे शर्मा द्वारा किया गया है।

रंजू मिंज ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में झारखंडी दर्शकों के बीच स्थानीय फिल्मों के प्रति रुचि और समर्थन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे समय में सहरिया जैसी भव्य और विषय-प्रधान फिल्म का आगमन झॉलीवुड (झारखंडी फिल्म इंडस्ट्री) के लिए नई उम्मीद और उत्साह लेकर आया है।

### रांची में हुए पहला आईसीएआई दीक्षांत समारोह में 76 विद्यार्थियों को दी गईं डिग्रियां, अध्यक्ष ने कहा

# देश की आर्थिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से झारखंड और बिहार में पहली बार नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन शनिवार, को रांची के करमटोली स्थित सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ।



छात्रों के साथ उनके परिवार और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम : सीए मंगेश

विश्व की सबसे बड़ी एकाउंटिंग संस्था आईसीएआई का दीक्षांत समारोह पहली बार रांची में आयोजित होने से पूरे क्षेत्र के चार्टर्ड अकाउंटेंसी विद्यार्थियों, नवउत्तीर्ण सदस्य और उनके परिजनों में विशेष उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान कुल बिहार और झारखंड के 76 नवउत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गईं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित हुए। समारोह में उपस्थित नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के चेहरे पर वर्षों की कठिन मेहनत, समर्पण और सफलता की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। यह अवसर उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार क्षणों में से एक बन गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुंबई से आईसीएआई के अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी और उपाध्यक्ष सीए मंगेश पी किनरे ने ऑनलाइन माध्यम से किया। कार्यक्रम में आईसीएआई अध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार डी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं।

उन्होंने नवउत्तीर्ण सदस्यों को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि आज के समय में वित्तीय अनुशासन एवं कॉर्पोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

वहीं आईसीएआई के उपाध्यक्ष सीए मंगेश पी किनरे ने भी सभी नवउत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों एवं संस्थान के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सभी युवाओं से प्रोफेशनल उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का भी आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय सरना समिति ने की नागपुरी फिल्म सेरेंग पर रोक की मांग, आयोग को सौंपा ज्ञापन



**रांची** : केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर नागपुरी फिल्म सेरेंग पर रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने फिल्म पर आदिवासी समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने किया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही फिल्म सेरेंग एक विशेष कथानक पर आधारित है, जिसमें आदिवासी लड़की और एक मुस्लिम युवक के प्रेम संबंध तथा धर्म परिवर्तन कर विवाह जैसे दृश्य दिखाए गए हैं। उनके अनुसार, यह फिल्म लव जिहाद को बढ़ावा देने वाली सामग्री प्रस्तुत करती है, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। बबलू मुंडा ने आरोप लगाया कि फिल्म में आदिवासी समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणियों का प्रयोग किया गया है, जिससे उरांव और मुंडा जनजाति की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि आयोग को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए। समिति के महासचिव अशोक मुंडा ने भी आरोप लगाया कि फिल्म में सरना धर्म और सरना झंडा का अपमान किया गया है तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर आदिवासी समाज की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति आदिवासी समुदाय के लिए अस्वीकार्य है और इस पर सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

### श्री श्याम मंदिर में 201वां श्री श्याम भंडारा संपन्न



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 201 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। मण्डल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी अध्यक्ष शिल्पा छावनिका मनीष सराफ शिल्पम सराफ हुलास शर्मा उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां महामंत्री गौरव अग्रवाल वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा एवं छावनिका परिवार ने इष्ट मित्रों के साथ संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम का भोग भजन गाया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के भोग भजन से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। सर्वप्रथम भंडारे का भोग लगाकर महाप्रसाद में मिलवाया गया ।इसके बाद मंदिर के आचार्यों को यजमान परिवार के सदस्यों ने भोजन प्रसादी ग्रहण करवाया। भंडारे का भोग हर शनिवार को गौशाला में गौ माता के लिए भेजा जाता है। मंदिर के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा एवं सहयोगी गौशाला में भंडारे का भोग लेकर जाते हैं। श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। आज के भंडारे में कढ़ाई की पूड़ी आलू कद्दू गोभी मिक्स सब्जी खस्ता कचौड़ी गुलाब जामुन आमरस आइसक्रीम कैंडी बिस्किट एवं खीर चूरमा का भोग लगाया गया। श्री श्याम भंडारे में मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा शिल्पा छावनिका मनीष सराफ शिल्पम सराफ आशीष डालमिया अनुज मोदी कमलेश सावा वेद भूषण जैन राहुल मारू संकेत चौधरी रिषभ चौरसिया मनोज खेतावत उपेन्द्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने सहयोग दिया।

### योग्य पुलिस अधिकारियों को किया जा रहा दरकिनार : विधायक



**रांची** : खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप ने प्रशासनिक नीतियों और कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक ने लगातार हो रहे आदिवासी अधिकारियों के तबादलों और थानों में थानेदारों की पोस्टिंग के तरीकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विधायक ने कहा, राज्य में लगातार आदिवासी समुदाय के योग्य और ईमानदार अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों से हटाकर लाइन में भेजा जा रहा है ।अधिकारियों के हो रहे तबादलों से प्रशासनिक स्थिरता प्रभावित हो रही है, जिससे विकास कार्य ठप हैं। स्थानीय थानों में प्रभारियों की नियुक्ति में पारदर्शिता का घोर अभाव है। योग्य पुलिस अधिकारियों को दरकिनार किया जा रहा है। गलत प्रशासनिक फैसलों और थानों के इस रवैये के कारण खिजरी सहित पूरे राज्य की जनता के बीच भारी नाराजगी है। विधायक राजेश कच्छप ने मुख्यमंत्री से मामले को तुरंत हस्तक्षेप करने की माँग की, कच्छप जी ने कहा है कि यदि आदिवासी अधिकारियों के साथ न्याय नहीं हुआ और थानों की पोस्टिंग प्रक्रिया में सुधार नहीं किया गया, तो वे जनता की आवाज को सदन से लेकर सड़क तक और अधिक प्रखरता से उठाएंगे।

### रिम्स जमीन घोटाला : आरोपी प्रमोद महतो की अग्रिम जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची** : रिम्स की अधिग्रहीत जमीन से जुड़े घोटाले के आरोपित प्रमोद कुमार महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर एसीबी की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। इस मामले में एसीबी ने केस डायरी पेश किया और जवाब भी दायर किया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एसीबी से केस डायरी और जवाब मांगा था। उल्लेखनीय है कि मामले में सात अप्रैल को एसीबी ने चार आरोपित राजकिशोर बड़ाईक, कार्तिक बड़ाईक, राजेश झा और चेतन कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने मिलीभगत कर रिम्स की अधिग्रहीत जमीन को निजी संपत्ति दिखाने के लिए फर्जी वंशावली तैयार की थी। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एसीबी ने इस फर्जीवाड़ा मामले में 5 जनवरी 2026 को प्राथमिकी दर्ज की थी। दरअसल, यह मामला 1964-65 में रिम्स की अधिग्रहीत करीब 9.65 एकड़ जमीन से जुड़ा है। जिसपर अवैध कब्जा कर अपार्टमेंट, दुकान और मकान बना लिया गया था। बाद में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इन अवैध कंस्ट्रक्शन को हटा दिया गया था।

### एचईसी की आर्थिक स्थिति पर एटक नेता का गंभीर आरोप, मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर जताई चिंता

**रांची** : हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियर्स कॉपोरेशन (एचईसी) लिमिटेड की मौजूदा आर्थिक स्थिति और प्रबंधन व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम की हालत सुधारने के उद्देश्य से प्रबंधन में बदलाव कर भेल को जिम्मेदारी दी गई, लेकिन इसके बावजूद मजदूरों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

**एक नजर**

## रेलवे का चोरी का तांबा तार बेचते दो गिरफ्तार

**कोडरमा :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट कोडरमा ने रेलवे के चोरी किए गए तांबा तार की खरीद-बिक्री मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर खास से सूचना मिलने पर आरपीएफ की टीम ने झुमरी तिलैया शहर के झंडा चौक स्थित सोनार गली में गौरव स्टील हाउस नामक बर्तन दुकान की निगरानी की। कार्रवाई के दौरान रेलवे का तांबा तार बेचते हुए सोनू कुमार (23 वर्ष), पिता उपेंद्र प्रसाद, निवासी आजाद मोहल्ला ईंदरवा चौक, वार्ड संख्या-04, थाना तिलैया, जिला कोडरमा को पकड़ा गया। पूछताछ में दुकान संचालक विकाश कुमार कसेरा (28 वर्ष), पिता दिलीप प्रसाद कसेरा, निवासी गुरुद्वारा रोड, झुमरी तिलैया ने पहले संतोषजनक जवाब नहीं दिया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि वह अधिक मुनाफे के लालच में चोरी का सामान खरीदता था। उसने बताया कि सोनू कुमार रेलवे से चोरी किया गया तांबा तार बेचने आया था, जिसे वह खरीद रहा था। इसी दौरान आरपीएफ टीम ने दोनों को धर दबोचा। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों के कब्जे से रेलवे की अवैध संपत्ति बरामद की। जब्त तांबा तार की अनुमानित कीमत करीब 2500 रुपये बताई गई है। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## सीसीएल रजरप्पा में कर्मचारियों की सुविधाओं पर हुई अहम बैठक

**रामगढ़ :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर क्षेत्रीय कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक राजीव सिंह ने की। बैठक में कर्मचारियों और उनके परिवारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज प्रसाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ झा ने किया। बैठक में परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय, चितरंजन कुमार, अनूप डूंगडूंग, गीतांश अग्रवाल, आशीष झा मौजूद रहे। श्रम संगठनों की ओर से महेंद्र मिस्त्री, अनिल प्रसाद, रविंद्र वर्मा, प्रदीप कुमार, ब्रज किशोर पोद्दार और चंदेश्वर सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं और सुझावों को मजबूती से रखा। बैठक के दौरान कंपनी आवासों में अवैध कब्जे की स्थिति, आवासों की समय पर मरम्मत, विभिन्न कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति और नियमित जलापूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।

## कर्ज वसूली का दबाव गरीबों की जान का दुश्मन बन रहा : महेश

**मरकच्चो :** नावाडीह पंचायत के बहादुरपुर में 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक घटना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला समूह एवं निजी फाइनेंस कंपनियों से लिए गए अत्यधिक कर्ज तथा लगातार हो रहे मानसिक दबाव के कारण परिवार में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। आम आदमी पार्टी कोडरमा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार या महिला को कर्ज वसूली के नाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, तो यह बेहद गंभीर और अमानवीय विषय है। प्रशासन को इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच करनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि आज निजी फाइनेंस कंपनियों एवं महिला समूहों के माध्यम से गरीब परिवारों पर बढ़ता आर्थिक दबाव कई घरों को मानसिक तनाव की ओर धकेल रहा है।

# डीसी व एसपी ने किया आपसी भाईचारे और सतर्कता के साथ बकरीद मनाने का आग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ऋतुराज ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शांति समिति के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ऋतुराज और एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्व के दौरान सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहकर अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। पीसीआर और पैंथर टीम को संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्ती और निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप्स पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट, अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।पर्व के दौरान प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालने और कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## गिद्दी ए परियोजना में बिजली संकट पर भड़के मजदूर, अभियंता के रवैये पर उठे गंभीर सवाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गिद्दी ए परियोजना में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था और परियोजना अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिकी) के कथित अभद्र व्यवहार को लेकर मजदूरों एवं मजदूर प्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले को लेकर मजदूर प्रतिनिधियों ने परियोजना पदाधिकारी, गिद्दी ए परियोजना को लिखित आवेदन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। मजदूर प्रतिनिधियों ने आवेदन में कहा है कि अरगड़ा क्षेत्र में बिजली मरम्मत कार्य के दौरान मजदूरों ने हर संकट में प्रबंधन का सहयोग किया था। उस समय यह भरोसा दिया गया था कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन हालात पहले से अधिक खराब हो गए हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने मजदूरों की परेशानी बढ़ा दी है, जिससे उनके बीच असंतोष और विक्षोभ का माहौल बन गया है। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने परियोजना अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिकी) को मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराने की कोशिश की तो अभियंता उग्र हो गए और मजदूर प्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। इस घटना के बाद मजदूरों में भारी नाराजगी है और औद्योगिक संबंध बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। आवेदन में संबंधित अधिकारी पर ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया गया है। मजदूरों का कहना है कि अधिकारी प्रतिदिन देर से कार्यालय पहुंचते हैं और समय से पहले चले जाते हैं, जिससे परियोजना का कार्य प्रभावित हो रहा है। मजदूर प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। बैजनाथ मिस्त्री, पुरुषोत्तम पांडे, गौतम बैनर्जी, गुड्डू यादव, राजा तिवारी, मधुसूदन सिंह और सुनील दुबे।

## पति से फोन पर विवाद के बाद विवाहिता ने खाया जहर, मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर में एक विवाहिता ने जहर खा कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। मृतका की पहचान बहादुरपुर निवासी बासुदेव यादव की पत्नी मीना देवी उम्र 30 वर्ष के रूप में की गयी है । मिली जानकारी के अनुसार मृतका मीना देवी बीती रात्रि को अपने पति से फोन पर बात कर रही थी। इस बीच फोन पर ही दोनों में कहासुनी बढ़ गई। उसके बाद मृतका मीना देवी फोन रखकर सो गई। मृतका का पति बासुदेव यादव मुंबई में काम करता है।वहीं शनिवार सुबह मृतका उठी घर का काम काज की और उसके बाद खेत तरफ जा कर विषपान कर ली। तबियत बिगड़ने लगी तो उसने अपने घर वालों को बतायी। बताने के बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे कोडरमा सदर अस्पताल ले गए जहां उपस्थित डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कर परिजनो को शव सौंप दिया। घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका अपने सास और भैसुर से अलग घर में अपने चार बच्चों के साथ रहती थी। बासुदेव यादव की मृतका दूसरी पत्नी थी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बासुदेव यादव की पत्नी मीना देवी ने महिला ग्रुप एवं निजी फाइनेंस से लोन ले रखी थी। जिसके बाद लोन का पैसा लोन का रुपया घर लेने आते थे। इसी बात को लेकर पति पत्नी में फोन पर कहा सुनी हो गयी। मृतका ने गुस्सा में आकर जहर खा कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। वहीं मृतका के बच्चो एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## भीषण गर्मी में कुज्जू ओपी की अनोखी पहल, शुरू की शुद्ध पेयजल व्यवस्था

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** लगातार बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच कुज्जू ओपी ने मानवता और जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। आम लोगों, राहगीरों और ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कुज्जू ओपी परिसर में शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। कुज्जू ओपी परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों और यात्रियों के लिए ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी के बीच यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। कुज्जू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में यदि किसी को प्यास महसूस हो और वह कुज्जू ओपी के आसपास मौजूद हो, तो बिना किसी संकोच के ओपी परिसर में आकर शुद्ध पानी पी सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा और मानवता के कार्यों में भी हमेशा आगे रहती है। ओपी परिसर में की गई इस व्यवस्था का उद्देश्य राहगीरों, मजदूरों, वाहन चालकों और आम ग्रामीणों को गर्मी से राहत पहुंचाना है। तेज धूप और लू के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में यह पहल लोगों के लिए राहत भरी साबित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने कुज्जू ओपी की इस पहल की जमकर सराहना की है।

## रामगढ़ में अवैध खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खनन कार्यालय की टीम ने पतरातु थाना क्षेत्र के सांकुल गांव के समीप बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालू परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। कार्रवाई के बाद अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार खान निरीक्षक, जिला खनन कार्यालय रामगढ़ द्वारा सांकुल गांव के पास पकड़े गए ब्लू रंग के स्वराज 834 एक्सएम ट्रैक्टर (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच23बी-5996) की जांच की गई। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर लगभग 100 घनफीट बालू लदा पाया गया। अधिकारियों ने जब वाहन चालक से परिवहन चालान की मांग की तो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। खनन विभाग की जांच में स्पष्ट हुआ कि ट्रैक्टर मालिक एवं अज्ञात चालक द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव कर परिवहन किया जा रहा था। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर ही ट्रैक्टर और उस पर लदे बालू को विधिवत जब्त कर लिया। मामले में ट्रैक्टर मालिक और अज्ञात चालक के खिलाफ पतरातु थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासन ने सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 54 तथा झारखंड मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल्स 2017 के नियम 9 और 13 के तहत कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और खनिज तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पीवीयूएनएल की पहल से बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान, गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन 2026 का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) 2026 कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। पीवीयूएनएल टाउनशिप में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में आसपास के विद्यालयों की 50 बालिकाओं का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह के दौरान पिछले वर्ष की जीईएम प्रतिभागी बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम ने उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को नई पहचान दी है। उन्होंने नई प्रतिभागियों को भी इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के सीईओ ए.के. सहगल और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रेनू सहगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पीवीयूएनएल परिवार के महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन एवं बच्चे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बैग, यूनिफॉर्म, जूते, किट एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। पीवीयूएनएल प्रबंधन ने कहा कि जीईएम 2026 के माध्यम से बालिकाओं को नई सीख, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। पीवीयूएनएल की इस पहल को क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए नई उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का संदेश दे रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## बिरहोर टोला मैंसौंधा में सैचुरेशन कैंप, 38 लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल




**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड अंतर्गत नाईटांड पंचायत के बिरहोर टोला मैंसौंधा में सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी बिरहोर परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ना एवं आवश्यक सेवाओं को गांव स्तर पर उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान ई-श्रम कार्ड से संबंधित 4 आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि आवास योजना के तहत 2 आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 25 लोगों का ओपीडी किया गया तथा 16 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। इसके अलावा टीबी जांच के लिए 4 लोगों का स्पूटम सैंपल भी संग्रहित किया गया। बताया गया कि बिरहोर टोला मैंसौंधा में कुल 8 परिवारों के 38 सदस्य निवास करते हैं। शिविर के माध्यम से सभी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया किशोर साव, पंचायत सचिव देवनारायण गोप, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने बिरहोर समाज के परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान किया। यह शिविर जनजातीय समुदाय तक अंतिम पंक्ति में सरकारी सेवा पहुंचाने एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## बकरीद को लेकर नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**मरकच्चो :** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण मे सम्पन कराने को लेकर शनिवार को नवलशाही थाना परिसर मे शांति समिति की मत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुमन कुमार ने की बैठक मे विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पर्व को मिल जुल कर मनाने का संकल्प लिया। शांति और सौहार्द बनाने की अपील बैठक के दौरान थाना प्रभारी सुमन कुमार ने लोगो से आपसी भाईचारा बनाये रखने, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा की बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सवेंदनशील क्षेत्रो मे विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकी किसी प्रकार की अप्रिये घटना ना हो, तथा बिजली, पानी और साफ सफाई की व्यवस्था की भी ध्यान रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगो को द्वारा प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाते हुए कहा की नवलशाही थाना क्षेत्र हमेशा से आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है। बैठक मे एसआई रविप्रकाश पंडित, एसआई निताय चन्द्र शाहा, एएस आई राजीव सिंह, एएस आई सूर्यप्रकाश पूरी, एएस आई दशमत किस्कू, पूर्व मुखिया निमाडीह मदन मोहन सिंह, इदरीश खान, अंनु सिंह, महावीर राणा एवं कई लोग शामिल थे।

## एनसीसी कैडेट आकाश कुमार का कोडरमा रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत



**कोडरमा :** कोरियाडीह गांव निवासी एवं सीएच स्कूल के एनसीसी कैडेट आकाश कुमार ने अरुणाचल प्रदेश के राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान में आयोजित एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा कर और 18000 फिट की ऊंचाई पर भारतीय ध्वज तिरंगा फहराकर राज्य एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। एनआईएमएएस देश के प्रमुख साहसिक एवं पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है, जहां पर्वतारोहण से संबंधित उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर लौटने पर आकाश कुमार का कोडरमा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान परिजनों, मित्रों, बटालियन स्टाफ, एएनओ, एनसीसी कैडेटों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। स्टेशन परिसर में उपस्थित लोगों ने आकाश की मेहनत, अनुशासन और साहस की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सी एच स्कूल के प्रिंसिपल कृष्णकांत तिवारी ने भी अपनी शुभकामनाएं मिठाई के साथ कैडेट आकाश कुमार के लिए भेजी। मात्र 17 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल करने वाले आकाश कुमार पूरे झारखंड के पहले एनसीसी कैडेट है जिन्होंने एन आईएमएएस, दिरांग से एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स सफलतापूर्वक संपन्न किया है। उनके पिता तमिलनाडु में पोकलेन मशीन चालक के रूप में कार्यरत हैं। सभी एनसीसी कैडेट्स में अपने साथी कैडेट की उपलब्धि पर अलग ही उत्साह नजर आ रहा था और सभी कैडेट ढोल बाजे के साथ कोडरमा स्टेशन पहुंचे थे, पूरा स्टेशन परिसर उत्साह और भारत माता की जय के उदघोष से गुंजायमान हो उठा।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस




**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को चार माह से मानदेय भुगतान नहीं होने, ईपीएफ और ईएसआई कटौती में घपलेबाजी व झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय भुगतान की मांग पर 01 जून से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले सदर अस्पताल परिसर से मशाल जुलूस निकाला गया। जो समाहरणालय होते हुए गांधी चौक कोडरमा बाजार पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में चार माह से बकाया मानदेय का जल्द भुगतान करो, झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय देना सुनिश्चित करो, ईपीएफ और ईएसआई कटौती में घपलेबाजी बंद करो, कमांडो कंपनी होश में आओ, झारखंड सरकार हमारी चिंता करो आदि जोशीले नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर संघर्ष समिति के संयोजक और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 1 मई से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारी अपनी पीड़ा को लगातार हॉस्पिटल प्रशासन और जिला प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं। लेकिन इनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी :** कर्रा थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के स्वजनों ने शनिवार को कर्रा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित संतोष महली (19) को महज कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसके खिलाफ कर्रा थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि पीड़िता एक शादी समारोह में गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपित से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। छापेमारी टीम में तोरपा एसडीपीओ विजय कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी राजू कुमार, एसआई दीपक कांत कुमार सहित रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

### जिला प्रशासन की पहल से दिव्यांगजनों को मिली नई गति

# 24 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती के निदेर्शानुसार शनिवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त रिया सिंह द्वारा डीएमएफटी मद से उपलब्ध कराए बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण कुल 24 दिव्यांगजनों के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंह मौजूद थी। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के चेहरे पर खुशी एवं उत्साह साफ झलक रहा था। इस संबंध में उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। बैटरी चालित ट्राईसाइकिल से दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियां आसान होंगी, उनकी शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सहभागिता को नई दिशा मिलेगी तथा वे आत्मनिर्भर जीवन की ओर मजबूती से कदम बढ़ा सकेंगे।

उपायुक्त ने आगे कहा कि जिला प्रशासन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन भविष्य में भी जनहित एवं समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारता रहेगा। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त रिया सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। कार्यक्रम में ट्राईसाइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अन्य लाभुकों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। एक दिव्यांग शिक्षक ने कहा कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से अब वे समय पर विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर सकेंगे, जिससे उनके कार्य में काफी सहूलियत होगी। लाभुकों ने कहा कि जिला प्रशासन की यह पहल उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और इससे उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। जिला प्रशासन की इस संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल की सभी ने सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया थाना का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया घेराव इंस्पेक्टर को हटाने और प्रेम कुमार की रिहाई की मांग



**सरिया :** शनिवार सुबह सरिया थाना परिसर में उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए थाने का घेराव कर दिया। कार्यकर्ता पोखरियाडीह निवासी प्रेम कुमार मंडल की गिरफ्तारी और उनके साथ थाने में हुई कथित मारपीट का विरोध कर रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता बबलू कुमार मंडल ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शुक्रवार की रात दूरभाष (फोन) पर पोखरियाडीह निवासी प्रेम कुमार मंडल को थाने बुलाया गया था। आरोप है कि थाने पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा उनके साथ बेहद बेरहमी से मारपीट की गई, जो कि पूरी तरह से अमानवीय और गैरकानूनी है। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि सरिया इंस्पेक्टर को अविलंब उनके पद से हटाया जाए और गिरफ्तार किए गए प्रेम कुमार मंडल को ससम्मान (बेइज्जत किए बिना) तुरंत रिहा किया जाए। आंदोलनकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी थी कि जब तक उनकी ये मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे थाने के मुख्य गेट पर धरने पर डटे रहेंगे। इस घेराव और प्रदर्शन में मुख्य रूप से निम्नलिखित लोग शामिल थे मनीष मंडल (सरिया मंडल अध्यक्ष, भाजपा) नरेश रजक (भाजपा नेता) बबलू कुमार मंडल (भाजपा नेता) इनके साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। थाने के घेराव और बढ़ते आक्रोश की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम तुरंत धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को संभालने के लिए आंदोलनकारी भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ वार्ता (बातचीत) शुरू की।

### मारवाड़ी महिला समिति द्वारा दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन, बच्चों ने दिखाए अपने हुनर



**सरिया :** स्थानीय नीरज अग्रवाल के हॉल में शनिवार को मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय समर कैंप का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कैंप में पहली से पांचवीं कक्षा तक के कुल 35 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दो दिनों तक चले इस कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों को कला और रचनात्मकता से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद और ज्ञानवर्धक गेम्स भी कराए गए, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। कैंप में मुख्य रूप से जीवा मोदी, निशेल डागा, सिद्धार्थ जैन, तरणप्रित कौर, संभावी गुप्ता, मनन विस्वास, तेजस डागा, मेहेर सचदेवा, मानस सलूजा, तनिश जैन और सात्विक जैन सहित कई बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। समिति की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, सचिव अरुणा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लीना अग्रवाल इनके साथ ही बबिता अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, आशा अग्रवाल, अपर्णा अग्रवाल, राखी अग्रवाल, भामा अग्रवाल, अलका अग्रवाल और कुसुम अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान बेहद सराहनीय रहा।

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व स्टडी सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन

# वंचित वर्ग के बच्चों को मिलेगी पुस्तकालय की निःशुल्क सारी सुविधाएं : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय, में शनिवार को विधायक मनोज कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट तथा स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के साथ फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर आधुनिक ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर काउंटर सह स्टडी सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। इस सेंटर के शुरू होने से क्षेत्र के वंचित वर्ग के बच्चों को डिजिटल शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**क्या हैं नई सुविधाएं**

पुस्तकालय को अब पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक बनाया गया है। यहां हाई-स्पीड वाईफाई, कंप्यूटर काउंटर, ई-बुक्स की सुविधा उपलब्ध है। पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है और पढ़ाई के लिए शांत वातावरण की व्यवस्था की गई है। संचालन समिति ने बताया कि यहां सभी सुविधाएं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। पुस्तकालय का संचालन 'स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति' द्वारा किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी पुस्तकालय में रजिस्ट्रेशन करवाकर पढ़ाई, कंप्यूटर, इंटरनेट और लाइब्रेरी की सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

विधायक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ाते हुए यह सेंटर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को डिजिटल युग से जोड़ने का काम करेगा। सचिव कृष्णा प्रजापति, उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे, डॉ. संगीता चौधरी, नकुल राणा मौजूद रहे। वहीं संचालन समिति से अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दत्त, सचिव संजय कुमार दुबे, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर यादव, सतेंद्र शर्मा, रंजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार यादव, रविकांत ओम, राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, हिमांशु बमबम, मिथलेश सिंह, राजेश कुमार, दिलीप गुप्ता। शिशिर कुमार, किशोर राणा, भूपेंद्र यादव, नागेश्वर रजक, मिथलेश सिंह, विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कुख्यात राहुल दुबे गैंग का एक सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला के लोहसिंघना थाना क्षेत्र में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राहुल दुबे गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक अमित आंनद ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के सदस्य किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं गिरफ्तारी के लिए बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष एसआइटी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहसिंघना थाना क्षेत्र के रोतरा गांव के पास घेराबंदी कर गैंग के सदस्य जियाउल रहमान उर्फ मोजमिल (25), पिता स्व. रिजवान आलम, निवासी पगमिल, आजाद नगर, पेलावल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन, पांच खोखा तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह रेलवे साइडिंग में लेवी वसूली तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। इस संबंध में लोहसिंघना थाना दर्ज कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार राहुल दुबे गिरोह के खिलाफ पूर्व से भी लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## सोनारी गेस्ट हाउस में श्रीकांत महतो से मिले 'दलमा टाइगर' सुकलाल पहाड़िया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सोनारी गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं श्रीकांत महतो से दलमा टाइगर के नाम से प्रसिद्ध सुकलाल पहाड़िया ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान सुकलाल पहाड़िया ने श्रीकांत महतो का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास, आदिवासी समाज की समस्याओं तथा युवाओं के भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए। वहीं श्रीकांत महतो ने भी सामाजिक एकता एवं जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात क्षेत्रीय राजनीति और सामाजिक समन्वय के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सोनारी गेस्ट हाउस में हुई इस मुलाकात की चर्चा राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में भी होती रही।

## धारदार हथियार और ईंट से कुचलकर युवक की हत्या

**पलामू :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के वैद्य बिगहा गांव के समीप आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे खाली पड़े खेत से 40 वर्ष के एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। व्यक्ति की तेज धारदार हथियार और ईंट से कुचलकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है।

शनिवार की सुबह जब स्थानीय पुलिस को ग्रामीणों की ओर से घटना की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि चौकीदार के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी है। इस मामले में पुलिस घटना स्थल और आस पास के आवागमन रास्तों में सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। फिलहाल घटना के कारण और इस कांड में शामिल अज्ञात अपराधियों को पता किया जा रहा है।

# चांडिल डैम में पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल की हुई बैठक, विभिन्न पंचायतों के प्रभारी नियुक्त





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल डैम स्थित नौका विहार में शनिवार को श्यामल मार्डी की अध्यक्षता में पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल की बैठक हुई। बैठक में समाज की पारंपरिक व्यवस्था को मजबूती के लिए चांडिल ईचागढ नीमडीह कुकडू प्रखंड के विभिन्न पंचायत के प्रभारी नियुक्त किया गया।चौका खूंटी और घोड़ानेगी पंचायत के प्रभारी महेन्द्र नाथ टुडू कृष्णा मुर्मू नंदलाल सोरेन को बनाया गया। वहीं धुनाबुरु और मातकमडीह पंचायत के प्रभारी रबि हांसदा सुखलाल मार्डी धीरेन हांसदा परेश हांसदा किशुन हेम्ब्रम को बनाया गया। चावलीबासा और झाबरी पंचायत के प्रभारी भूटीराम टुडू और बिष्णु सोरेन को बनाया गया।रुचाप और रसुनिया पंचायत के प्रभारी गोपाल सोरेन उजड़ मुर्मू को बनाया कुकडू प्रखंड के पंचायत प्रभारी नारायण हांसदा वही ईचागढ प्रखंड के गुदड़ी पंचायत के प्रभारी लोबिन हांसदा और देवेंद्र नाथ हांसदा को बनाया घया। गौरांगकोचा पंचायत के प्रभारी पूर्ण चंद्र बेसरा को बनाया गया वही नीमडीह प्रखंड के प्रभारी ज्योति लाल हांसदा को बनाया गया। रायडीह के हाप पारगाना और चाम्दा हाफ पारगाना को दाहड़ी किया जाएगा।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1500 किलो जावा महुआ नष्ट

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ उत्पाद विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पटमदा थाना क्षेत्र के बटलुका और गोबरघूसी गांव में छापेमारी अभियान चलाया। सहायक आयुक्त उत्पाद अरविंद कुजूर के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में विभाग की टीम ने कई अवैध शराब निर्माण स्थलों को ध्वस्त किया। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग ने करीब 60 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे लगभग 1500 किलोग्राम किण्वित जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

**Office of Deputy Development Commissioner -cum-CEO, Zila Parishad Latehar- 829206**
**Email: Website: www.latehar.nic.in**

**Request for Proposal (RFP)**

**Tender Reference No:** 489 **Date**: 20.05.2026

**Request for proposal (RFP)For** Selection of agency for rate contract of Supply of Different Items at Latehar **(Jharkhand).**

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **Request for proposal (RFP)For** Selection of agency for rate contract of Supply of Different Items at Latehar **(Jharkhand).** |
| 2 | Date of Publication of Bid | 25/05/2026 |
| 3 | Tender fee | Rs. 1000.00 (Rupees One thousand only (Non-refundable) online at https://jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | 1,00,000(One Lakh) online at https://jharkhandtenders.gov.in |
| 5 | Rate valid for | **Two year from the date of work order** |
| 6 | Last date and time of Submission of Bid | 06/06/2026 – 11 AM |
| 7 | Technical Bid Opening | 08/06/2026 – 11 AM |
| 8 | Pre-Bid | 29/05/2026 (11.am) **at Office of Zila Parishad Latehar** |
| 8 | Financial Bid Opening | After Technical Evaluation |
| 9 | Bid submission Place | Online - https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 10 | Bid Opening Place | **Office of Zila Parishad** , Latehar |
| 11 | Contact Number | Email Id: |
| 12 | **Method of Selection** | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

"**Note-**All bidders are directed to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."

**DDC-cum-CEO**
**Zila Parishad Latehar**

PR.NO.380590 Rural Development(26-27):D

# न्यायालय के आदेश के बावजूद बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं, पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर में कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला शनिवार को सामने आया है। आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद बिष्टुपुर थाना पुलिस अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही है। इस मामले में पीड़ित ने वरीय पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, सोनारी स्थित सीपी क्लब निवासी नरेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी कार छीन लिए जाने और




मारपीट की घटना के बाद भी पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। थक-हारकर उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ी। बताया गया कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने 13 अप्रैल 2026 को आदेश पारित किया था, जिसकी प्रति 28 अप्रैल 2026 को बिष्टुपुर थाना को प्राप्त हो गई थी। इसके बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

पीड़ित के अनुसार, 11 जनवरी की शाम वह अपनी कार संख्या (जेएच-05डीडी-9486) को बिष्टुपुर में खड़ी कर जुडियो मॉल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोबाइल नंबर 7979810030 का उपयोग करने वाला करणदीप सिंह उनके पास पहुंचा और बातचीत में उलझा लिया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद एक अन्य कार से पांच-छह युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जबरन उन्हें अपनी कार में बैठा लिया। नरेश कुमार का कहना है कि आरोपितों ने कार के भीतर उनके साथ मारपीट की, जिससे उनकी आंख, चेहरा और छाती में चोट आई। इसके बाद उन्हें साकची के गाढ़ाबासा स्थित एक कमरे में ले जाया गया, जहां धमकी देकर एक कोरे कागज पर यह लिखवाया गया कि उन्होंने पैसे के बदले अपनी कार बेच दी है। साथ ही उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी, जिसके कारण भयवश उन्होंने उनकी बात मान ली। घटना के बाद उन्होंने 11 जनवरी को बिष्टुपुर थाना में और 14 जनवरी को एसएसपी कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब न्यायालय के आदेश के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं होने से पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। नरेश कुमार ने एसएसपी से मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, कार बरामद करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

वहीं, दूसरी ओर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
" निविदा आमत्रंण सूचना"
संख्या –05/2026–27

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.06.2026 को अपराहृण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.06.2026 को अपराहृण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.06.2026 को अपराहृण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Provincial Veterinary Hospital office Gumla | 2309900.00 | 46200.00 | 5000.00 | 3 month |
| 2 | Construction of PCC Road in the Campus of Hostel of ITI Silam Gumla. | 851100.00 | 17100.00 | 1250.00 | 2 month |
| 3 | Construction of PCC Road to Connect Hostel and Academic Block at ITI Sisai Camus in Gumla district. | 491700.00 | 9900.00 | 750.00 | 2 month |

नोट :- निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 380603 Building(26-27)D

## यदि संघ शक्तिशाली होता तो देश का विभाजन नहीं होता! आम्बेकर के कथन का निहितार्थ

भारत का विभाजन सिर्फ एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, अपने समय में वह भारतीय समाज की सामूहिक चेतना को झकझोर देने वाली ऐसी त्रासदी थी, जिसने करोड़ों लोगों को विस्थापन, हिंसा और असुरक्षा की आग में झोंक दिया। वर्ष 1947 का वह दौर भारतीय इतिहास का सबसे पीड़ादायक अध्याय माना जाता है और जिसके संस्मरण आज भी हमें दुख के सागर में डुबो देते हैं। वस्तुतः इसी विभाजन की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर का यह कथन अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि "देश के विभाजन के समय संघ की शक्ति उतनी नहीं थी, अन्यथा विभाजन नहीं होता।" देखा जाए तो यह कहना आरएसएस के संदर्भ तक सीमित न होकर उस व्यापक सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता की ओर संकेत करता है, जिसकी कमी उस समय देश ने महसूस की। दिल्ली में इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रस्तुत डॉक्यूमेंट्री "दिल्ली में संघ यात्रा" के प्रदर्शन के अवसर पर सुनील आंबेकर ने जिस ऐतिहासिक संदर्भ को सामने रखा, वह स्वतंत्र भारत के निर्माण और विभाजन की त्रासदी के बीच समाज की भूमिका को समझने का अवसर था। उन्होंने बताया कि 1942 से 1947 के बीच दिल्ली और पंजाब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीव्र गति से विस्तार हुआ था। बड़ी संख्या में युवा और समाज के विभिन्न वर्ग संघ के साथ जुड़ रहे थे, किंतु तभी विभाजन का दंश देश के सामने आ खड़ा हुआ, उस कठिन समय में संगठन की शक्ति इतनी व्यापक नहीं बन पाई थी कि वह राष्ट्रीय स्तर पर उस निर्णय को प्रभावित कर सके। वास्तव में, संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इस उद्देश्य से की थी कि भारतीय समाज को संगठित और आत्मविश्वासी बनाया जाए। डॉ. हेडगेवार स्वयं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के आंदोलनों में भाग लिया और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया। उन्होंने यह अनुभव किया कि राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी, जब तक समाज संगठित और सांस्कृतिक रूप से जागृत नहीं होगा। इसी सोच के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। यदि वे चाहते, तो उस समय वे स्वतंत्र राजनीतिक मंच तैयार कर सकते थे, पर उन्होंने संगठन और चरित्र निर्माण को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संघ ने प्रारंभ से ही शाखाओं के माध्यम से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का कार्य प्रारंभ किया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अनेक योगदान दिए। वर्ष 1930 के जंगल सत्याग्रह में डॉ. हेडगेवार स्वयं जेल गए। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भी अनेक स्वयंसेवकों ने भूमिगत रहकर आंदोलनकारियों की सहायता की। इतिहासकार और लेखक सी.पी. भिषीकर ने अपनी पुस्तक "केशव : संघ निर्माता" में उल्लेख किया है कि डॉ. हेडगेवार स्वतंत्रता को सर्वोच्च राष्ट्रीय ध्येय मानते थे। (सुरुचि प्रकाशन;पृ 178-184)। यही वो कारण भी है जो संघ का वास्तविक योगदान विभाजन के समय सबसे अधिक दिखाई देता है। जब पंजाब, सिंध और बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा भड़क रही थी, लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर थे, उस समय संघ के स्वयंसेवक राहत और सुरक्षा कार्यों में सक्रिय दिखाई दिए। ट्रेनें लाशों से भरकर आ रही थीं, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार हो रहे थे, पूरा उत्तर भारत भय और अराजकता के दौर से गुजर रहा था। ऐसे समय में स्वयंसेवकों ने शरणार्थी शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया और विस्थापित परिवारों के पुनर्वास में सहायता की। संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर "गुरुजी" ने स्वयंसेवकों को निर्देश दिया था कि पाकिस्तान में रह गए हिंदुओं की अंतिम व्यक्ति तक रक्षा सुनिश्चित की जाए। यही कारण था कि अगस्त 1947 के उथल-पुथल भरे दिनों में गुरुजी स्वयं कराची में उपस्थित थे और वहां स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा और उसके हासिल

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों की यात्रा कर भारत वापस आ गए हैं। उनकी यह 6 दिवसीय यात्रा प्रारंभ से लेकर अंत तक चर्चा के केंद्र में रही। अपने ही देश में उन पर तरह-तरह के फिकरे कसे गए। कांग्रेस ने तो उन्हें गद्दार तक कह दिया। एक ओर जहां नार्वे, नीदरलैंड, स्वीडन, इटली और संयुक्त अरब अमीरात में उन्हें हाथोंहाथ लिया गया, भारत के साथ अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, वहीं भारत में प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध विषवमन समझ से परे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा और उसके हासिल पर चर्चा करें तो प्रधानमंत्री मोदी को विकल्पहीनता बिल्कुल पसंद नहीं। वे चुनौतियों का मुक्त हृदय से स्वागत करते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की उनकी यात्रा को कमोबेश इसी आलोक में देखा-समझा जा सकता है। यह सच है कि उनकी यह यात्रा ऐसे दौर में हुई है, जब उन्होंने देशवासियों से डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील की थी। मंत्रियों से विदेश यात्रा से बचने की अपील की थी। देश में उनकी अपील पर अमल शुरू भी हो गया है लेकिन उन्होंने और उनके पीछे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विदेश के लिए उड़ान भरकर देश को तो विस्मित किया ही, विपक्ष को सरकार के विरोध का मौका दे दिया है। एक सच यह भी है कि ईरान और अमेरिका के युद्ध और अमेरिका-चीन वार्ता की विफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी को इस बात का अहसास हो गया है कि आने वाला समय भारत के लिए बहुत आसान नहीं है। जिस तरह डीजल-पेट्रोल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं और होर्मुज स्ट्रेट का संकट फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है, उसे देखते हुए एक दरवाजा बंद होने से पहले नए दरवाजों की उनकी तलाश वाजिब भी है। आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के जो प्रयास किए हैं, उसके सकारात्मक परिणामों को नकारा नहीं जा सकता। तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ बातचीत में तीनों नार्डिक देशों की विशेषताएं तो बताईं ही, भू-तापीय ऊर्जा तथा कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसे मुद्दों पर भी गहन मंथन किया।

आपसी हितों से संबद्ध क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। फिनलैंड के प्रधानमंत्री ओर्पो के साथ बैठक में उन्होंने व्यापार और निवेश, डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता , 5जी और 6जी, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, नवीकरणीय ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था में सहयोग पर चर्चा की तो इस बीच दोनों देशों के बीच सितंबर 2026 में गुजरात के गांधीनगर में संयुक्त रूप से वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमिक फोरम की मेजबानी करने पर सहमति भी बनी। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपाय, जल प्रबंधन, हरित परिवहन, डिजिटलीकरण और खाद्य प्रसंस्करण सहित सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की। डेनमार्क के पेंशन फंड को भारत में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें यह विश्वास दिलाने की भी कोशिश की कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। भारत और डेनमार्क के बीच वाराणसी में स्मार्ट लेबोरेटरी आन क्लीन रिवर्स की स्थापना के लिए सहयोग का भी जिक्र करना वे नहीं भूले।

नॉर्डिक देशों में डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। पांचों नॉर्डिक देशों की संयुक्त जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 1.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है और वे नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत समुद्री शासन के वैश्विक मानकों में अग्रणी हैं। ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में मोदी और नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड तथा स्वीडन के नेताओं ने भाग लिया। भारत और आइसलैंड के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं और आइसलैंड के लोग योग, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, फिल्मों और खान-पान सहित भारतीय संस्कृति में गहरी रुचि रखते हैं। वर्तमान में लगभग 600 भारतीय नागरिक आइसलैंड में रह रहे हैं। मार्च 2024 में नयी दिल्ली में भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर हो चुके थे। इससे द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में बढ़ोतरी हुई है। स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टाइन और नॉर्वे के साथ आइसलैंड ईएफटीए के चार सदस्य देशों में से एक है। हेलसिंकी स्थित भारतीय दूतावास की वेबसाइट की मानें तो भारत में फिनलैंड की 100 से अधिक कंपनियों का कारोबार है। नोकिया, कोने एलिवेटर्स, मेट्सो आउटोटेक, वार्सिला, यूपीएम, लिंडस्ट्रॉम, फोर्टम, अहल्स्ट्रॉम और एल्कोटेक जैसी बड़ी फिनिश कंपनियों के भारत में विनिर्माण संयंत्र हैं। फिनलैंड में भारतीय मूल के लगभग 33,445 लोग रहते है। लगभग 2,400 भारतीय छात्र फिनलैंड के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। डेनमार्क की कई प्रमुख कंपनियों ने मेक इन इंडिया योजना के तहत नए कल-कारखाने लगे हैं। डेनमार्क की प्रमुख निवेश कंपनियों में एपी मोलर-मेर्स्क ग्रुप शामिल है, जो भारत के कंटेनर व्यापार का लगभग 19 प्रतिशत हिस्सा संभालता है। डेनमार्क में 22 हजार भारतीय रहते हैं, इनमें आईटी पेशेवर, डॉक्टर, इंजीनियर, वित्त और बैंकिंग पेशेवर, शिक्षाविद और छात्र शामिल हैं।

दुनिया के छठवें बड़े तेल उत्पादक देश नार्वे के साथ हुए भारत के नौ समझौते दोनों देशों के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। नरेंद्र मोदी की इस यात्रा में एक तरह से उन्होंने देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए न केवल ने विकल्प तलाशे हैं बल्कि उन्हें भारत सापेक्ष बनाने की भी कोशिश की है। नई 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' को उच्च स्तर पर ले जाने की पहल की है। समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूती देने के विचार से दोनों देशों के मध्य हुए नौ अनुबंध दोनों देशों के आर्थिक, व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को मुकम्मल ऊंचाई देंगे, इसमें किसी को भी रंच मात्र का संदेह नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिनों की यह नॉर्वे यात्रा इसलिए भी बेहद खास रही क्योंकि नार्वे ने इस अवसर पर भारत की हिन्द प्रशांत महासागर योजना में शामिल होने की घोषणा की। भारत की ओर से भी उसे आश्वस्त किया गया कि भारत अगले साल आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में हिस्सा लेगा, वह भी भारतीय मंडप के साथ। यह दोनों देशों की ओर से की गई बड़ी घोषाएं हैं जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दोनों देशों की सरकार के बीच जिन तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, उनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग हेतु रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे और भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मध्य समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग आधारित कई अहम समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच हुआ प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता भी काफी अहम है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने के लिहाज से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिंटेफ संस्था ने वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया है। उभय पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना पर भी दस्तखत किए हैं।

हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान और नॉर्वे की एमराल्ड जियोमॉडलिंग एएस के बीच वैज्ञानिक और व्यावसायिक सहयोग के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। ये घोषणाएं और अनुबंध दोनों देशों के बीच हरित विकास, समुद्री सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान आधारित साझेदारी को नई गति देने वाली हैं, इस सच को नकारा नहीं जा सकता।

भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के हितधारकों को टीईपीए के तहत 100 अरब डॉलर के निवेश लक्ष्य तथा भारत में 10 लाख रोजगार सृजन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए। जहाज निर्माण एक ऐसा क्षेत्र है जो व्यापक और असीम संभावनाएं प्रदान करता है। शिखर सम्मेलन में नॉर्वे के क्राउन प्रिंस हाकोन के अलावा 50 से अधिक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ-साथ दोनों देशों के व्यापार और अनुसंधान क्षेत्रों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्राएं सैर सपाटे के लिए नहीं होती, वहां वे अपने हर पल का भारत के समग्र हित में सहयोग करते हैं। वे अपनी विदेश यात्रा टाल भी सकते थे लेकिन जहां तक किसी सम्मेलन की बात है तो उसकी योजना वर्षों पूर्व से बनती है। इस पर भी विचार किए जाने की जरूरत है। विरोध के लिए विरोध करना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है।

## मानव जीवन बनाम पशु प्रेम: समाधान कब निकलेगा?

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

भारत में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब केवल पशु-प्रेम और संवेदनशीलता का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे नागरिकों के जीवन, सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की खतरनाक आवारा कुत्तों को मारने की अनुमति देने संबंधी टिप्पणी और निर्देश ने इस बहस को फिर से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है। पहली नजर में यह आदेश सामान्य प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसके पीछे छिपी वास्तविकता अत्यंत भयावह है। देशभर में प्रतिवर्ष लाखों लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं और सैकड़ों लोग रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं।

भारत में पशुओं के प्रति दया और संवेदना की परंपरा रही है। संविधान के नीति-निर्देशक तत्व भी जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखने की बात करते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि यदि कोई पशु मनुष्य के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए तो राज्य की जिम्मेदारी क्या होगी? क्या नागरिकों के मौलिक अधिकारों से ऊपर किसी भी प्रकार की भावनात्मक बहस को रखा जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इसी संवैधानिक संतुलन की ओर संकेत किया है कि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों का पहला दायित्व नागरिकों के जीवन और सुरक्षा की रक्षा करना है।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में भारत में कुत्तों के काटने के 30.43 लाख मामले दर्ज किए गए और 286 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2024 में भी लगभग 21.95 लाख कुत?ता काटने के मामले सामने आए, जिनमें 5 लाख से अधिक पीड़ित 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे थे। ये केवल सरकारी आंकड़े हैं, जबकि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में अनेक मामले दर्ज ही नहीं हो पाते।

एक शोध अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 91 लाख पशु काटने के मामले सामने आते हैं और अनुमानित 5726 लोगों की मौत रेबीज से होती है। यह आंकड़ा इस ओर संकेत करता है कि समस्या केवल आवारा कुत्तों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरियों से भी जुड़ी हुई है।

दिल्ली, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। दिल्ली में पांच वर्षों के दौरान रेबीज से 37 लोगों की मौतें हुईं। केरल सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच राज्य में 3.63 लाख कुत्ता काटने के मामले सामने आए, जिनमें लगभग एक-तिहाई मामले आवारा कुत्तों से जुड़े थे। हैदराबाद में वर्ष 2022 से 2025 के बीच रेबीज से मौतों में चार गुना वृद्धि हो गई।

इन आंकड़ों के पीछे केवल संख्याएं नहीं, बल्कि भयावह मानवीय त्रासदियां छिपी हैं। कई मामले ऐसे सामने आए हैं जहां छोटे बच्चों को आवारा कुत्तों ने घेरकर हमला किया और उनकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में ऐसी घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया।

समस्या का सबसे दुखद पहलू यह है कि गरीब और सामान्य नागरिक को कुत्ता काटने के बाद सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। कई जिलों में रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन की उपलब्धता नहीं होती। मजबूर होकर लोगों को निजी मेडिकल स्टोर से महंगे इंजेक्शन खरीदने पड़ते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो समय पर इलाज न मिलने से मौत का खतरा और बढ़ जाता है।

यह भी गंभीर प्रश्न है कि आखिर सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा। क्या राज्य सरकारों और नगर निकायों की यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वे समय रहते प्रभावी कदम उठाते? नगर निगमों द्वारा नसबंदी और टीकाकरण अभियान अक्सर कागजों तक सीमित रह जाते हैं। अनेक शहरों में वर्षों से कुत्तों की वास्तविक गणना तक नहीं हुई है। परिणामस्वरूप आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है।

हालांकि इस मुद्दे का समाधान केवल हिंसा या सामूहिक हत्या नहीं हो सकता। पशु-प्रेमियों की चिंताओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत इस बात की है कि समस्या का वैज्ञानिक, मानवीय और संतुलित समाधान निकाला जाए। बड़े स्तर पर नसबंदी अभियान, एंटी रेबीज टीकाकरण, कचरा प्रबंधन और डॉग शेल्टर जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत करना होगा। जिन कुत्तों का व्यवहार अत्यधिक आक्रामक और जानलेवा हो चुका है, उनके संबंध में कानून के तहत उचित कार्रवाई करनी होगी।

पशु-प्रेमियों को भी यह समझना होगा कि केवल भावनात्मक अपील से समस्या का समाधान संभव नहीं है। यदि किसी गरीब परिवार का बच्चा आवारा कुत्तों के हमले में घायल हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है, तो यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि पूरे परिवार के लिए आजीवन पीड़ा बन जाता है। इसलिए मानव जीवन और पशु संरक्षण के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक संवेदनशीलता होगी।

आज आवश्यकता इस बात की है कि राज्य सरकारें, नगर निकाय, स्वास्थ्य विभाग और पशु कल्याण संगठन मिलकर एक समन्वित नीति तैयार करें। हर जिले में पर्याप्त एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध हो, अस्पतालों में उपचार आसान बनाया जाए, और आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। साथ ही नागरिकों में भी जागरूकता बढ़ाई जाए कि कुत्ता काटने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता लेना क्यों जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप वास्तव में शासन-प्रशासन की विफलता पर एक गंभीर टिप्पणी है। यदि स्थानीय निकाय और सरकारें समय रहते अपनी जिम्मेदारियां निभातीं तो शायद अदालत को इस विषय में दखल देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। अब समय आ गया है कि संवेदनशीलता, वैज्ञानिक सोच और संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ इस समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए, ताकि नागरिकों का जीवन सुरक्षित रह सके और बार-बार अदालत को हस्तक्षेप न करना पड़े।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

### सूडोकु नवताल- 7804

✱✱✱✱✲ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7803 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## तपती धरती, झुलसता जीवन: हीटवेव की चुनौती

**ललित गर्ग**

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शाचालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है-गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्त्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है।

गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्त्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो।

सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए।

### दैनिक पंचांग

**24 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | सिंह में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.46 बजे से |
| कर्क | 08.59 बजे से |
| सिंह | 11.15 बजे से |
| कन्या | 13.27 बजे से |
| तुला | 15.38 बजे से |
| वृश्चिक | 17.53 ब.से |
| धनु | 20.09 बजे से |
| मकर | 22.14 बजे से |
| कुंभ | 00.00 बजे से |
| मीन | 01.33 बजे से |
| मेष | 03.04 बजे से |
| वृष | 04.44 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 144 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 04.31 बजे प्रात: को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 02.51 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** हर्षण 03.45 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 16.25 बजे तदनन्तर कौलव 04.31 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 44'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872719
**जूलियन दिन** 2461184.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### बकरीद को लेकर हिरणपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**हिरणपुर :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य, बुद्धिजीवी तथा विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द कायम रखने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। थाना प्रभारी विनय कुमार ने उपस्थित लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा पर्व को आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया।

### डाउन फरक्का एक्सप्रेस से अधेड़ यात्री का शव बरामद

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेल थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह करीब सात बजे डाउन फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी संख्या एस-2 से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया। रेल थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। एसएसआई मुस्ताक अहमद ने बताया कि मृतक की पहचान मुर्शिदाबाद जिला के शमशेरगंज थाना क्षेत्र सईदुल (50) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सईदुल मजदूरी के लिए दिल्ली गया था। वे फरक्का एक्सप्रेस से अपना घर लौट रहा था। कि अचानक उसकी मौत की खबर मिलने पर वे लोग यहां पहुंचे शव की पहचान की है। वही रेल पुलिस ने बताया कि यात्रियों से सूचना मिलने पर जब यहां ट्रेन पहुंची तो उसे ट्रेन से उतारा गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार अत्यधिक गर्मी की वजह से मौत हुई होगी। इधर शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर रेल पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

### दो अलग-अलग जगह आपसी विवाद में मारपीट, सात लोग घायल

**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत उस्मानी टोला गांव में घरेलू विवाद में हुई मारपीट में दो पक्षों से पांच लोग घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जहानारा खातुन (36), मिसखात शेख (40) और दूसरे पक्ष के वसीमा बीबी (30), फिरोजा बीबी (40), हलीमा खतून (13) के बिच घरेलू विवाद को लेकर कहासुनी होते होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें दोनों पक्षो से पांच लोग घायल हो गया। जिसे आपने-अपने परिजनों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। वहीं थाना क्षेत्र के मन सिंघा गांव में पड़ोसी के साथ आपसी विवाद में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नूर जहांन बीबी (45), हबलू शेख (63) का पड़ोसी के साथ आपसी विवाद में हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस अस्पताल पहुंचकर छानबीन में जुट गया था।

# सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद निजी आवास पर पहुंचे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोटालपोखर :** झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शनिवार को करीब दो साल बाद अपने निजी आवास पहुंचने पर क्षेत्र में भारी उत्साह देखा गया। कोटालपोखर और बरहरवा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने उनका अभूतपूर्व और गर्मजोशी से स्वागत किया। शनिवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच जैसे ही पूर्व मंत्री आलमगीर आलम कोटालपोखर की धरती पर पहुंचे, वहां पहले से ही बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा माहौल बेहद उत्साहमय हो गया और कार्यकर्ताओं ने आलमगीर आलम जिंदाबाद, निसात आलम जिंदाबाद, तनवीर आलम जिंदाबाद तथा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। स्वागत समारोह के दौरान मौजूद समर्थकों ने बारी-बारी से पूर्व मंत्री से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। लंबे समय बाद अपने नेता को अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों और प्रशंसकों में भारी खुशी देखी गई। इस ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से शामिल हुए। इनमें जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर तथा कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरोफिना हेंब्रम मौजूद रहीं। इनके अलावा कोटालपोखर कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रंजीत भंडारी, युवा पंचायत अध्यक्ष समीम मंसूरी, गुलाम रब्बानी, सन्नवर मंसूरी, मनोज केडिया, वीरेंद्र भगत, नसीम मंसूरी, अजय साह, राजेश साह, विनोद घोष, वसीम मंसूरी एवं रहमत मंसूरी सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। पूर्व मंत्री के आगमन को लेकर समर्थकों में विशेष उत्साह का यह माहौल देर शाम तक बना रहा।

## धड़ल्ले से चल रहा बीड़ी पत्ता का कारोबार नियमों की अनदेखी पर उठे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर एवं आसपास के पहाड़ी आदिवासी क्षेत्रों में इन दिनों बड़े पैमाने पर बीड़ी पत्ता (केंदू पत्ता) की खरीद-बिक्री का कारोबार तेजी से चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाइक सवार व्यापारी गांव-गांव पहुंचकर गरीब आदिवासी परिवारों से बीड़ी पत्ता खरीद रहे हैं और प्रतिदिन भारी मात्रा में इसे विभिन्न बाजारों तक पहुंचाकर बिक्री की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई व्यापारी जंगल क्षेत्रों से बीड़ी पत्ता खरीदकर बिना स्पष्ट जानकारी के बाहरी बाजारों में भेज रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पत्तों की खरीद-बिक्री होने से क्षेत्र में इस कारोबार को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि इस कारोबार से जुड़े कुछ व्यापारियों के पास वैध लाइसेंस, परिवहन चालान अथवा वन विभाग की अनुमति है या नहीं, इसकी कोई सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पूरे कारोबार की वैधता पर प्रश्नचिह्न खड़े होने लगे हैं। जानकारों के अनुसार, बीड़ी पत्ता वन उपज की श्रेणी में आता है, जिसके संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार के लिए विभागीय नियम लागू होते हैं। नियमों की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री किए जाने की स्थिति में यह मामला जांच का विषय बन सकता है। हालांकि, इस संबंध में अब तक वन विभाग अथवा जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# साहिबगंज शहर में पहली बार चीतल का रेस्क्यू, उपचार के दौरान हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शनिवार सुबह साहिबगंज शहर के नॉर्थ कॉलोनी स्थित बिजली कार्यालय के समीप एक जंगली चीतल (स्पॉटेड डियर) दिखाई देने से इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक चीतल का रेस्क्यू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, चीतल संभवतः रास्ता भटककर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया था। वन विभाग की टीम द्वारा उसे सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया। हालांकि उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वन विभाग ने बताया कि चीतल की मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक जांच की जा रही है। विभाग द्वारा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई भी की जा रही है। बताया गया कि साहिबगंज शहर क्षेत्र में पहली बार किसी चीतल का रेस्क्यू किया गया। भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्र में इस प्रकार के वन्यजीव का सुरक्षित रेस्क्यू विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार का वन्यजीव रिहायशी क्षेत्र में दिखाई दे, तो उसे पकड़ने, घेरने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें तथा तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित रेस्क्यू सुनिश्चित किया जा सके। यह रेस्क्यू अभियान प्रधान वनरक्षी अंकित झा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर स्नेक रेस्क्युर जितेंद्र हजारी, ऋतिक कुमार एवं समाजसेवी अजय कुमार मलिक (नॉर्थ कॉलोनी), अजय मल्लिक दहला, शिव कुमार हरिजन तथा शिव कुमार उपस्थित थे।

# सदर एसडीपीओ ने की अपराध समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में नव पदस्थापित एसडीपीओ सुशील कुमार ने शनिवार को थाना प्रभारियों एवं पुलिस निरीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में आगामी मुस्लिम समुदाय के पर्व बकरीद को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी क्षेत्र में अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस की पैनी नजर बनी रहनी चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने एवं गश्ती बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान नव पदस्थापित एसडीपीओ ने अपने अधीनस्थ क्षेत्र के थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय, मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार, महिला थाना प्रभारी, एसटी-एससी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## होल्डिंग टैक्स वृद्धि को लेकर नगर परिषद घिरा, नियमों पर मांगा जवाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिवर्ष होल्डिंग टैक्स में कथित रूप से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मुद्दे को उठाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने नगर परिषद अध्यक्ष से तत्काल संज्ञान लेने और बढ़े हुए टैक्स पर पुनर्विचार करने की मांग की है। सुरेश अग्रवाल ने कहा कि नगर परिषद द्वारा हर वर्ष होल्डिंग टैक्स में लगातार वृद्धि किए जाने से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वर्तमान महंगाई और बेरोजगारी की स्थिति में लोगों के लिए परिवार का भरण-पोषण करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में टैक्स में लगातार बढ़ोतरी जनहित के विपरीत प्रतीत होती है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस नियम अथवा प्रावधान के तहत प्रतिवर्ष इतनी अधिक दर से होल्डिंग टैक्स बढ़ाया जा रहा है। साथ ही नगर परिषद से जनता के समक्ष इस संबंध में स्पष्ट जानकारी देने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य आम लोगों को राहत एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना होना चाहिए, लेकिन लगातार बढ़ते होल्डिंग टैक्स से गरीब एवं कमजोर वर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष से इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मामले में उचित पहल नहीं की गई तो आम जनता न्यायालय, यहां तक कि उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हो सकती है।

# राजमहल थाना परिसर में जनता दरबार का हुआ आयोजन जमीन विवाद के छह मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना परिसर में शनिवार को जमीन विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ सह प्रभारी बीडीओ मो. यूसुफ ने की। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं कुछ मामलों में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण अगली तिथि निर्धारित करते हुए आगे सुनवाई करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों को आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य के साथ अगली तारीख पर उपस्थित होने को कहा। जनता दरबार में एसआई महादेव उरांव, अंचल कर्मी सहित भूमि विवाद से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से कहा गया कि जनता दरबार के माध्यम से जमीन विवादों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान करने का प्रयास लगातार जारी है।

### साइबर ठगों ने बैंक खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

**साहिबगंज :** जिले के मण्डरो प्रखंड में साइबर अपराधियों द्वारा बैंक खाते से अवैध निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिर्जाचौकी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम धटीयारी निवासी अर्जुन ठाकुर ने आवेदन में बताया है कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा कौड़ीखुटाना शाखा में खाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि साइबर फ्रॉड के माध्यम से उनके खाते से 17 मई 2026 को पांच किस्तों में कुल एक लाख रुपये की निकासी कर ली गई। पीड़ित ने बताया कि जब वह बैंक पहुंचे तो खाते से रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली। साथ ही उनका मोबाइल फोन भी हैक हो गया था। बैंक स्टेटमेंट की जांच के बाद साइबर ठगी का मामला सामने आया। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनमैप्ड मतदाता सूची का प्रकाशन, एक सप्ताह तक चलेगा विशेष मैपिंग अभियान



**पाकुड़ :** ज़िले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को पाकुड़ जिले के सभी मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई। मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान आगामी एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मतदाता सत्यापन एवं विशेष मैपिंग कार्य का अवलोकन करते हुए संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपना एवं अपने परिवारजनों का नाम प्रकाशित सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी मतदाता का नाम अनमैप्ड पाया जाता है, तो वे संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सत्यापन एवं मैपिंग सुनिश्चित करा सकते हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी योग्य मतदाताओं का नाम संबंधित मतदान केंद्र से सही रूप से जुड़ा रहे।

### हिरणपुर के तीन गांवों में चला आदि कर्मयोगी अभियान, ग्रामीणों को दी गई जानकारी



**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कालझोर, जगतपुर एवं पोखरिया गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा कई लोगों ने योजनाओं का लाभ भी उठाया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याएं सुनकर आवश्यक मार्गदर्शन भी किया गया, ताकि वे योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इस दौरान ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। जरूरतमंद लोगों के बीच दवाओं का वितरण किया गया तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच कराने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। ग्रामीणों ने इस प्रकार के जागरूकता अभियान को लाभकारी बताते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे गांव तक पहुंचती है, जिससे जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल पाता है।

### बकरीद को लेकर अमड़ापाड़ा थाना में शांति समिति की बैठक आज

**अमड़ापाड़ा :** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अमड़ापाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक आज 24 मई 2026 (रविवार) को संध्या 4:00 बजे थाना परिसर में होगी। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, शांति समिति के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदायों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। बैठक के दौरान बकरीद पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रशासन की ओर से सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, मीडिया बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

### राजमहल एसडीओ ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो ने शनिवार को राजमहल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीओ सदानंद महतो ने अनमैप्ड वोटर लिस्ट की सूची प्रकाशन के दौरान बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने संबंधित को आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि जितने भी वोटर जिनका मैपिंग नहीं हुआ है वे अपने मतदान केंद्र जाकर बीएलओ से आवश्यक दस्तावेज दे कर मैपिंग करवा ले। वहीं एसडीओ ने उपस्थित सुपरवाइजर को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्र का भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्य को समय पर पूर्ण करें। मौके पर निर्वाचन नोडल सह बीपीओ मनरेगा गगन बापू,भरत मंडल, विजय कुमार, मुन्नवर हुसैन, मीना कुमारी, ऊषा कुमारी, सुहागी बर्मन, अर्चना हलदार लता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने मंडरो प्रखंड मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण



**साहिबगंज :** डीसी दीपक कुमार दुबे ने शनिवार को मंडरो प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के रजिस्टर, सभागार कक्ष और जर्जर भवनों की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने मंडरो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर लेबर रूम, लैब और फार्मासिस्ट रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कई सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। साथ ही सीएचसी अपग्रेड के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। डीसी ने बताया कि अस्पताल में मरम्मती कार्य और विकास के लिए फंड उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। वहीं एंबुलेंस में डीजल की समस्या को लेकर सीओ को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ मेघनाथ उरांव, सीओ संजय कुमार शुक्ला, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एन.एन. सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### जंगल में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव पुलिस जांच जारी

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के पांडरासाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत बासाहातु गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान मरकंडो हाइबुरू के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, मरकंडो हाइबुरू शुक्रवार दोपहर घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसी दौरान जंगल की ओर गए कुछ ग्रामीणों की नजर एक पेड़ से लटके शव पर पड़ी। पास जाकर देखने पर ग्रामीणों ने शव की पहचान मरकंडो हाइबुरू के रूप में की और तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारकर घर ले आए। इसके बाद शनिवार सुबह पूरे मामले की जानकारी पांडरासाली ओपी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मरकंडो हाइबुरू पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। अधिक उम्र होने के कारण उनकी मानसिक स्थिति भी सामान्य नहीं थी। इसी आधार पर आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पांडरासाली ओपी पुलिस ने मामले में यूडी (अप्राकृतिक मृत्यु) केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी।

### बकरीद को लेकर तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**खूंटी :** आगामी बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विजय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर अंचल अधिकारी पूजा बिनहा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पुलिस अवर निरीक्षक रोशन खाखा ने किया। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने उपस्थित मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से बकरीद के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली और पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की मांग रखी। इस पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अपनी-अपनी राय रखी और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग, तोरपा पश्चिमी के मुखिया जॉन टोपनो, अंजुमन इस्लामिया तोरपा के सदर अख्तर खान, कैसर खान, संजय यादव, उप मुखिया राजू साहू, राधेश्याम भगत, नीरज जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रशासन ने सभी पक्षों से आपसी सहयोग बनाए रखने और किसी भी अफवाह से दूर रहने की अपील की, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# पुलिस ने एल्यूमिनियम चोरी कर बेचने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, मुख्य सरगना सहित तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरामद सामानः**

- लगभग 70 किलोग्राम एल्यूमिनियम कटिंग तार, आल्टो कार

**बालीडीह :** बालीडीह थाना प्रभारी के निर्देशन और गोपनीय सूचना के आधार पर शुक्रवार को इलाके में चलाए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बालीडीह पुलिस ने एल्यूमिनियम के कटिंग तार चोरी कर बेचने वाले गिरोह को धर-दबोचा। थाना मोड़ के पास रूटीन चेकिंग के दौरान एक उजले रंग की आल्टो कार (नं. JH10V-3892) को रुकने का निर्देश दिया गया, पर वाहन चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर नरकरा पुलिया के पास वाहन को पकड़ा गया।

जांच के दौरान वाहन में सवार चार व्यक्तियों के कब्जे से एक हरे रंग के प्लास्टिक बोरे में कुल लगभग 70 किलोग्राम एल्यूमिनियम के कटिंग तार बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि यह तार बोकारो स्टील प्लांट के आस-पास से चोरी कर इकट्ठा किए गए थे और इन्हें रामगढ़ के रहने वाले रोहित कुमार को बेचा गया था, जो इनकी बिक्री का काम करता था। बरामद माल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। बालीडीह थाना में उक्त घटना के संबंध में कांड संख्या 91/26 के तहत प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। मामले में गिरोह के मुख्य सरगना प्रकाश कुमार उपाध्याय उर्फ घनु (उम्र 29 वर्ष, पुत्र मुन्ना उपाध्याय, निवासी कुमीर्डीह, थाना बालीडीह, जिला बोकारो) को गिरफ़्तार कर लिया गया है। साथ ही अन्य पकड़े गए अभियुक्तों में सिन्तु कुमार (21), प्रिंस कुमार (23) और रोहित कुमार (20, निवासी बिष्णुगढ़, थाना बिष्णुगढ़, जिला हजारीबाग) शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास पाया गया है। छापामारी दल में पुअनि संदीप कुमार, पुअनि जितेन्द्र कुमार यादव, पुअनि अजय कुमार राय, पुअनि अविनाश कुमार गौतम, हवलदार जबरा मुंड्सभी, बालीडीह थाना शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के खिलाफ आगे की जांच जारी है और चोरी की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिए संबंधित स्थानों की भी पड़ताल की जा रही है।

## लैंगिक हिंसा की रोकथाम के लिए सलाहकार समिति की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड स्तरीय गरिमा केंद्र के संचालन और लैंगिक हिंसा की रोकथाम को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, संकुल संगठन की प्रतिनिधियों औरसामाजिक उपसमिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस सह संयोजक वसीम अंसारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए की और बैठक का उद्देश्य साझा किया। इस दौरान जिला प्रबंधक सामाजिक विकास रमेश नायक ने सलाहकार समिति की भूमिका और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। गरिमा केंद्र तोरपा की पैरालीगल जेंडर सीआरपी अंजोरेम कुल्लू ने अब तक पंजीकृत लैंगिक हिंसा से जुड़े मामलों की पंचायतवार जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि केंद्र में अब तक घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, बाल हिंसा, मानव तस्करी, बाल विवाह और साइबर क्राइम सहित कुल 54 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 52 मामलों का समाधान किया जा चुका है, जबकि दो अति संवेदनशील मामले लंबित हैं, जिनमें एक घरेलू हिंसा और एक यौन उत्पीड़न से संबंधित है। बैठक में गरिमा केंद्र संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इसमें क्षेत्र में कार्य के दौरान सीआरपी को सामाजिक और लैंगिक हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में ग्राम स्तर पर विभागीय सहयोग की कमी, कुछ संवेदनशील मामलों में थाना स्तर पर समझौता कर लिए जाने और सखी मंडल की दीदियों को प्रक्रिया में शामिल नहीं करने जैसी चुनौतियां सामने आईं।

13वीं झारखंड राज्य सीनियर महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 5 से

## राज्य भर से पहुंचेंगे 700 महिला-पुरुष खिलाड़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड राज्य कबड्डी संघ की ओर से 13वीं झारखंड राज्य सीनियर महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ जे के सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग धनबाद में 5 से 7 जून 2026 तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने कहा इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से कुल 700 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर व रेफरी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में राज्य भर से महिला व पुरुष खिलाड़ियों की भागीदारी होगी व झारखंड की संस्कृति की झलक धनबाद में देखने को मिलेगी। मौके पर धनबाद जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन प्रदीप मंडल, जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, जिला सचिव मिंटू ठाकुर, उपाध्यक्ष रतीलाल महतो, निरंजन महतो, कौशिक चटर्जी, मीरा सोरेन, अरुण पाठक, शोभा सिन्हा, प्राचार्य डॉ. बी जगदीश राव, मुकेश राय, सरोज प्रसाद, अंकित पासवान, संगठन मंत्री शनि राय, कोषाध्यक्ष व मुख्य कोच पप्पू कुमार यादव, प्रवीण कुमार, धनबाद पब्लिक स्कूल पीटीआई शशिकांत पांडेय, झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन राउत, अक्फी रेफरी बोर्ड के चेयरमैन हरीश कुमार, बोकारो जिला कबड्डी संघ के सचिव मनोज कुमार शर्मा के साथ जिला कबड्डी एसोसिएशन के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## टाटानगर स्टेशन पर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चंद्रपुरा के युवक की दर्दनाक मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में चंद्रपुरा के 25 वर्षीय नारायण महतो की मौत हो गई। बताया जाता है कि नारायण प्लेटफॉर्म संख्या चार पर खड़ी टैंकर मालगाड़ी पर चढ़ने के प्रयास के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ व जार्पी टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद नारायण को पहले रेलवे अस्पताल और वहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नारायण तारमी पंचायत के ऊपरबंधा गाँव निवासी बिहारी महतो के पुत्र थे और चंद्रपुरा थाना क्षेत्र से संबंधित थे। परिजनों ने बताया कि वह रोजगार की तलाश में ओडिशा के बढ़बील गए थे और घर लौटते समय यह हादसा हुआ। शुक्रवार को मृतक का शव जब गांव पहुंचा तो मातम पसर गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में गुंजर डीह पंचायत के मुखिया जयलाल महतो उर्फ जेली, शंभू महतो, पप्पू महतो व सुभाष चंद्र महतो सहित कई लोग शामिल थे जिन्होंने शव को गांव लाया और परिजनों को सांत्वना दी।

इस घटना पर पूर्व मंत्री बेबी देवी भी मौके पर पहुंचीं और मृतक के घर पर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। हादसे के संबंध में टाटानगर रेलवे प्रशासन और आरपीएफ द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक उच्च वोल्टेज तार के संपर्क में आने से झुलसने के कारण ही युवक की मृत्यु हुई; पुलिस और रेलवे सुरक्षा दल घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रहे हैं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

## बैनर फटने पर हमला, युवक का सिर फूटा, आरोपियों पर मामला दर्ज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के बांधगोड़ा साइड स्थित सुभाष चौक पर 20 मई को बैनर फटने के विवाद में एक युवक को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित रामदेव कुमार महथा (स्थानीय निवासी) का माथा फट गया है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

घटना की जानकारी के अनुसार रामदेव 20 मई को अपनी मोटर साइकिल से चास बाजार समान लेने जा रहा था। सुभाष चौक के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आने वाले एक ट्रक से बचने के लिए उसने गाड़ी बाईं ओर मोड़ी, तब सड़क किनारे लगे एक बैनर पर पड़ी। बैनर जिसमें सौरभ गांगुली व किसुन गोप की तस्वीर लगी थी, फट गया। इससे बैनर मालिकों और वहां मौजूद व्यक्तियों में विवाद हो गया और आरोप है कि किसुन गोप, विशुन गोप, दिवाकर गोप, खाड़ु गोप सहित अन्य प्रतिष्ठित नामधारियों ने रामदेव पर लाठी, डंडा व रॉड से हमला कर दिया।

पीड़ित ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि हमले में उसका माथा फट गया तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आईं। साथ ही, वह अपने मनिहारी की दुकान के लिए साथ रखे गए 15,000 रुपये भी छीन लिए जाने का दावा कर रहा है। रामदेव का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पिंड्राजोरा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी संख्या 57/2026 दर्ज कर ली गई है।

# बोकारो निवासी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार सरोज कुमार मिश्रा का गया में भव्य सम्मान समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित झारखंड के बोकारो के प्रख्यात कलाकार सरोज कुमार मिश्रा को गया स्थित सरंग आर्ट कैंपस में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्मानित किया गया। कार्यक्रम विजुअल आर्टिस्ट ग्रुप, गया चैप्टर, इनटेक गया, सरंग आर्ट एंड म्यूजिक तथा सैम्स प्रिंटिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

समारोह का उद्घाटन स्वागत गीत से हुआ, जिसे अमित पाठक, सौरभ कुमार, अर्चना जेना और पूजा कुमारी ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। प्रमुख अतिथि और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलाकारों व गणमान्यों ने मिलकर सरोज कुमार मिश्रा को पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में इनटेक के प्रो. मनीष कुमार (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया), विजुअल आर्टिस्ट ग्रुप, गया के निदेशक अशोक कुमार, सरंग आर्ट एंड म्यूजिक की निदेशक निशा लाज, साहित्यकार रवि कुमार, मूर्तिकार रण विजय कुमार तथा सैम्स प्रिंटिंग के प्रोपराइटर समीर कुमार सहित अनेक कलाकार और शिष्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलाकार विनय कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, आशीष, अमित, गोविंद, साहिल, शिवानी, सोनू, रेनू, अजय, सावन, मिथुन कुमार, सीता, विशाल राज, आनंद, कबीर राज, सजीब, विजय, रविंद्र कुमार, अर्चना जेना और पूजा कुमारी समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया।

सम्मान ग्रहण के बाद सरोज कुमार मिश्रा ने अपने कला जीवन की यात्रा सुनाई और उपस्थित कलाकारों एवं विद्यार्थियों को कलाकारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और समर्पण से ही कलाकारों को पहचान मिलती है। उनके प्रेरणादायी अनुभवों और मार्गदर्शन को उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना और सराहना की।

समारोह के दौरान सरंग आर्ट के युवा कलाकारों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरोज कुमार मिश्रा से कला-संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के वक्ताओं ने कहा कि सरोज कुमार मिश्रा की कला ने गया व झारखंड का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है और उनका यह मान्यता पूरी कला जगत के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शिष्टाचार के साथ हुआ, जबकि आयोजकों ने भविष्य में और भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अपहरण-मारपीट कांड का फरार आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार



**बोकारो :** बालीडीह थाना पुलिस ने अपहरण, मारपीट और लूट के चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अभय पाण्डेय को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी घटना के बाद करीब दो वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2024 को गायत्री मंदिर निवासी नितिका कुमारी ने बालीडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि विक्की गुप्ता, अभय पाण्डेय, बलराम विश्वकर्मा समेत अन्य लोगों ने उसके भाई अंकित सिंह का अपहरण कर कार में जबरन बैठाया और सेक्टर-9 कूलिंग पॉन्ड की ओर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित के पॉकेट से नकद रुपये छीन लिए और मोबाइल से यूपीआई के जरिए भी रकम ट्रांसफर कर ली। बाद में घायल अवस्था में युवक को नया मोड़ के पास फेंककर फरार हो गए थे। मामले में बालीडीह थाना कांड संख्या 301/2024 दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 मई 2026 को मुख्य आरोपी अभय पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी बालीडीह थाना के एक अन्य मामले में भी फरार था और उसके खिलाफ कई गैर-जमानती वारंट जारी थे। पुलिस ने बताया कि अभय पाण्डेय एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ मारपीट, हमला और हत्या के प्रयास जैसे कई संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी अभियान में बालीडीह थाना की पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### बीएसएल के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेल की बारीकियों से अवगत हो रहे बच्चे



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे प्रशिक्षण शिविरों में शामिल हो रहे हैं। खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे के बीच किया जा रहा है। 22 मई को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में फुटबॉल, क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी एवं वॉलीबॉल खेलों में कुल 305 बच्चों ने भाग लिया। फुटबॉल प्रशिक्षण में 65 प्रतिभागी शामिल हुए। क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट प्रशिक्षण शिविरों में सर्वाधिक 104 खिलाड़ियों ने भागीदारी दर्ज कराई। इसी प्रकार हैंडबॉल प्रशिक्षण में 36, बास्केटबॉल में 52, हॉकी में 22 तथा वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में 26 बच्चों ने हिस्सा लिया। बास्केटबॉल का प्रशिक्षण स्टील क्लब सेक्टर-3 में, जबकि वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविरों में बच्चों को खेल की तकनीक एवं फिटनेस के साथ-साथ अनुशासन एवं टीम भावना के बारे में जानकारी दी जा रही है। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को निखारने में सहायता मिल रही है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। यह शिविर खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बोकारो स्टील प्लांट के खेल एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 2 जून तक आयोजित किया जाएगा।

### एटीएम मशीन में कार्ड फंसा कर साइबर फ्रॉड ने निकाले 50 हजार



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में पुलिस को साइबर क्रिमिनल एक बार फिर चुनौती दे रहे हैं। बेहद पुराने स्टाइल में एटीएम में कार्ड फंसा कर 50,000 रुपये का फ्रॉड कर लिया। इस मामले में रामगढ़ शहर के कोयरी टोला निवासी महेश प्रसाद कुशवाहा ने शनिवार रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह वी-मार्ट के सामने गोला रोड स्थित एटीएम मशीन में पैसे निकालने गए थे। जिस समय वह पैसे निकाल रहे थे, उसी समय चार-पांच लड़के वहां मौजूद थे। उन लोगों ने उन्हें कहा कि उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया है। वे इंजीनियर से बात करें। काउंटर पर लगे हेल्पलाइन स्टीकर पर लिखे नंबर पर जब महेश प्रसाद कुशवाहा ने फोन किया तो उन्हें बस स्टैंड आने को कहा गया। जब वे वहां से दोबारा एटीएम मशीन काउंटर पर लौटे तो देखा कि ना तो उनका एटीएम कार्ड वहां था और ना ही वहां चिपकाए गया टोल फ्री नंबर का स्टीकर। इस दौरान उनके अकाउंट से 50,000 रुपये की निकासी होने का मैसेज भी उन्हें प्राप्त हुआ। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस घटना की सूचना मिली उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। जांच के दौरान यह पाया गया कि साइबर क्रिमिनल्स ने एटीएम मशीन में फेविक्विक लगाया था। जिसकी वजह से महेश प्रसाद कुशवाहा का एटीएम कार्ड उसमें चिपक गया। जैसे ही वे एटीएम काउंटर से बाहर निकले अपराधियों ने उनके अकाउंट से पैसे निकाल लिए। सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों की तस्वीरें कैद हुई हैं। उनकी शिनाख्त कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सेट टॉप बॉक्स में उतरे करंट से बच्चे की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के कमारबेड़ा गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में साढ़े चार वर्षीय मासूम प्रज्ञान महतो की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजन विलाप कर रहे हैं। बताया गया कि शनिवार सुबह प्रज्ञान अपने घर में टीवी देख रहा था। इसी दौरान टीवी के सेट टॉप बॉक्स में अचानक करंट आ गया। परिजनों के अनुसार टीवी ठीक से काम नहीं कर रहा था, इसलिए बच्चे ने सेट टॉप बॉक्स को पकड़कर हिलाने की कोशिश की। जैसे ही उसने बॉक्स को छुआ, उसे जोरदार करंट का झटका लगा और वह चीख पड़ा। बच्चे की आवाज सुनते ही परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे और उसे तुरंत वहां से हटाया।

संक्षिप्त डायरी

## सासाराम के संगम पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**पटना (एजेंसी)** सासाराम में स्थित संगम पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों के मनोरंजन और प्रतिभा विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं. वाटर पार्क में बच्चों ने जमकर मस्ती की. :(डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव) रोहतास जिले के सासाराम स्थित तारा चंडी के संगम पब्लिक स्कूल में 22 मई 2026 को समर कैंप का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सचिव शरीता देवी की अध्यक्षता में हुआ. कैंप का उद्देश्य बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारना था. विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. इसमें कुर्सी दौड़, चॉकलेट दौड़, बिस्किट दौड़ सहित अन्य मनोरंजक खेल शामिल थे. नर्सरी से लेकर पंचम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के आधार पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे. वाटर पार्क में बच्चों ने की खूब मस्ती कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वाटर पार्क में स्नान और जल क्रीड़ा का भी अवसर दिया गया. गर्मी के मौसम में बच्चों ने पानी में जमकर मस्ती की और समर कैंप का भरपूर आनंद उठाया. जलपान का भी किया गया वितरण समर कैंप के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं के बीच जलपान का वितरण किया गया. विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा. शिक्षकों का रहा महत्वपूर्ण योगदान इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाएं सपना शर्मा, रूप श्री, रीना कुमारी और प्रीति के साथ शिक्षक राजदेव सिंह, जयंत पांडे एवं परशुराम का महत्वपूर्ण योगदान रहा. विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया.

## भीषण गर्मी में पटना बेहाल, एक सप्ताह में डेढ़ गुना बढ़ीं फ्यूज कॉल

**पटना (एजेंसी)** एक सप्ताह में पटना शहर और उसके आसपास के पेसू क्षेत्र में डेढ़ गुना से भी अधिक फ्यूज कॉल की संख्या बढ़ी है और बिजली गुल होने से लोग परेशान हैं. (अनुपम कुमार) एक सप्ताह में पटना शहर और उसके आसपास के पेसू क्षेत्र में डेढ़ गुना से भी अधिक फ्यूज कॉल की संख्या बढ़ी है और बिजली गुल होने से लोग परेशान हैं.कई मोहल्लों में तो बार बार ट्रिपिंग हो रही है और 38 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी और उमस को बिना एसी, कूलर और पंखे के लोगों के लिए झेलना मुश्किल हो रहा है. 53 फीसदी बढ़ी बिजली कटने की शिकायत पेसू के 72 फ्यूज कॉल सेंटर पर 14 मई को कुल 1051 फ्यूज कॉल रिसिव किये गये थे जो कि 20 मई तक बढ़ कर 1605 हो गये. इसप्रकार इनकी संख्या में 52 फीसदी वृद्धि हुई. बिजली गुल होने की समस्या बढ़ने की बड़ी वजह गर्मी के कारण लोड में बेतहासा वृद्धि है. एसी, कूलर और पंखे के अधिक इस्तेमाल के कारण 14 मई से 20 मई के बीच पेसू के लोड में 30 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह 632 मेगावाट से बढ़ कर 827 मेगावाट हो गया है. एक सप्ताह में 195 मेगावाट बढ़ा बिजली लोड 14 मई को पेसू क्षेत्र का अधिकतम लोड 632 मेगावाट था, जो 20 मई तक बढ़कर 827 मेगावाट पहुंच गया. यानी सिर्फ एक सप्ताह में बिजली की मांग में 195 मेगावाट की बढ़ोतरी दर्ज की गई.

## पटना में सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पटना (एजेंसी)** राजधानी के जक्कनपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. निखिल सिंह) राजधानी के जक्कनपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक की पहचान में जुटी पुलिस पुलिस के अनुसार, मृत युवक के पास से कोई पहचान पत्र या ऐसा सामान नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान की जा सके. युवक की पहचान के लिए उसके फोटो को आसपास के कई थानों में भेजा गया है. फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है. तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक सड़क किनारे जा रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के बाद युवक सड़क पर गंभीर अवस्था में पड़ा रहा. लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस का बयान बाईपास थाना ट्रैफिक प्रभारी नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## मंदिरी नाला के पास ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**पटना (एजेंसी)** पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित मंदिरी नाला के पास शनिवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे जा रहे एक मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया. ढंङ्ल्लं ठी६२ः (शुभम कुमार) पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित मंदिरी नाला के पास शनिवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे जा रहे एक मजदूर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया. घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे की बताई जा रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक का पहिया युवक के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. शौच के लिए निकला था मजदूर मृतक पेशे से मजदूर बताया जा रहा.है. वह गंजी और अंडरवेयर पहने हुए था. जानकारी के अनुसार, युवक सुबह करीब 4:30 बजे शौच के लिए निकला था. इसी दौरान सड़क पार करने या किनारे चलने के क्रम में तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला. सुबह-सुबह हुए इस हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना की सूचना मिलते ही बुद्धा कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) भेज दिया. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है. गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. सीसीटीवी फुटेज खंगालने की तैयारी पुलिस अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी है.

# बिहार एआई समिट में सीएम सम्राट चौधरी का एलान: जल्द आएगी नई एआई पॉलिसी




**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने का कि संचार क्रांति के इस युग में एआई का रोल काफी अहम है। उन्होंने सभी विभागों से एआई का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। आइये जानते हैं मुख्यमंत्री ने एआई समिट में क्या कहा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एलान किया है कि बिहार सरकार जल्द ही एआई पॉलिसी लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बिहार को देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित बिहार एआई समिट-2026 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों में एआई का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और आम लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सकेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक बिहार के विकास की नई दिशा तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि एआई के माध्यम से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि बिहार अब तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में राज्य देश के अग्रणी विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। एआई तकनीक शासन-प्रशासन के लिए काफी सहायक साबित हो रही मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में मोबाइल और इंटरनेट का तेजी से विस्तार हुआ है और एआई तकनीक शासन-प्रशासन के लिए बड़ा सहायक साबित हो रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास ने राज्य को नई पहचान दी है। अब तकनीक के जरिए बिहार को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का समय है। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदन पर तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यवस्था ऐसी बनाई जाए जिससे आम लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने युवाओं से बिहार के विकास के लिए सुझाव देने की अपील भी की। रोजगार और उद्योग बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार लौट रहे प्रवासी श्रमिकों और युवाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में रोजगार और उद्योग बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। नगर निगम क्षेत्रों में पांच-पांच मॉडल स्कूल और छोटे जिलों में तीन से चार मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और मंत्रियों से इन स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। सरकार 20 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य लेकर काम कर रही मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर 125 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि करीब 30 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को अगले तीन वर्षों में पीपीपी मॉडल पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए राज्य के 211 प्रखंडों में डिजिटल लाइब्रेरी और रीडिंग जोन विकसित किए जाएंगे।

## पटना नगर निगम में फंड की किल्लत, कई योजनाएं अधर में लटके

**पटना (एजेंसी)** पटना शहर में सड़क, पेयजल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर पटना नगर निगम कार्य कर रहा है. हालांकि विभागीय स्तर पर राशि आवंटन की धीमी प्रक्रिया के कारण इन परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है. (हिमांशु देव) पटना शहर में सड़क, पेयजल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर पटना नगर निगम कार्य कर रहा है. हालांकि विभागीय स्तर पर राशि आवंटन की धीमी प्रक्रिया के कारण इन परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है. पटना की मेयर सीता साहू आज विभाग को ज्ञापन सौंपकर लंबित राशि जल्द जारी करने की मांग करेंगी. मेयर ने कहा कि नगर निगम शहर के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रहा है, लेकिन पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं होने के कारण योजनाओं की रफ्तार धीमी पड़ गई है. उन्होंने बताया कि मंत्री से शेष राशि शीघ्र आवंटित करने की मांग की जाएगी, ताकि लीगेसी वेस्ट निष्पादन, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, सड़क और नाला निर्माण के साथ छठ घाटों के विकास जैसे जनहित से जुड़े कार्य समय पर पूरे किए जा सकें. फंड की कमी के कारण फिलहाल नगर निगम की 16 बड़ी योजनाओं की गति प्रभावित हो रही है. इनमें रामचक बैरिया में लीगेसी वेस्ट निष्पादन का कार्य भी शामिल है, जिसे केंद्र सरकार के निर्देशानुसार अक्टूबर तक पूरा किया जाना है. यह कार्य तीन एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है. इसके अलावा छह गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, रामचक बैरिया बाउंड्री वॉल, मंगल तालाब जीर्णोद्धार, वार्ड 62 में खेल मैदान निर्माण, वार्ड 36 में मल्टीपर्पस बिल्डिंग और सड़क-नाला निर्माण जैसी योजनाएं भी धीमी गति से चल रही हैं. छठ घाटों से जुड़ी योजनाएं भी लंबित नगर निगम की ओर से वर्ष 2021 से 2026 तक कार्तिक और चैती छठ घाटों के विकास से जुड़ी कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है. लेकिन फंड की कमी के कारण इन परियोजनाओं के कई कार्य अब भी अधूरे पड़े हैं. मेयर ने कहा कि यदि समय पर राशि उपलब्ध नहीं कराई गई तो शहर की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने में और देरी हो सकती है.

## कैमूर में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, छापेमारी में पांच लोगों पर FIR दर्ज; लाखों का जुमार्ना

**पटना (एजेंसी)** कैमूर में बिजली विभाग ने छापेमारी कर पांच लोगों को बिजली चोरी के मामले में पकड़ा है. सभी पर प्राथमिकी दर्ज कर लाखों रुपये का जुमार्ना लगाया गया है. विभाग ने अभियान जारी रखने की बात कही है. : (विनोद कुमार) कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में बिजली विभाग ने अवैध बिजली उपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान कुल पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, जिन पर प्राथमिकी दर्ज कर जुमार्ना लगाया गया है. भदौला गांव में तीन मामलों का खुलासा भदौला गांव में की गई जांच के दौरान कई घरों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी का मामला सामने आया. पट्टी गांव निवासी सुनील कुमार मिश्रा का कनेक्शन बकाया राशि के कारण पहले ही काट दिया गया था, इसके बावजूद वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए. इस मामले में 40,346 का जुमार्ना लगाया गया है. घटेया गांव में सत्तू चक्की पर छापेमारी घटेया गांव में संचालित एक सत्तू चक्की पर छापेमारी के दौरान शंकर दयाल सिंह द्वारा स्मार्ट मीटर बाईपास कर औद्योगिक उपयोग के लिए बिजली चोरी का मामला सामने आया. जांच में 3.730 किलोवाट भार पर अवैध उपयोग पाया गया, जिस पर 1,73,068 का जुमार्ना लगाया गया.आगे भी जारी रहेगा अभियान सभी मामलों में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कुदरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.कैमूर में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, छापेमारी में पांच लोगों पर लाखों का जुमार्ना

## बिहार के नियोजित शिक्षकों के लिए बड़ा फैसला, ट्रेनिंग से नहीं चलेगा काम, बढ़ा हुआ वेतन पाने के लिए ळएळ पास करना जरूरी



**पटना (एजेंसी)** बिहार शिक्षा विभाग ने नियोजित शिक्षकों को लेकर बड़ा फैसला लिया है. अब 2015-17 और 2017-18 सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को प्रशिक्षित वेतनमान का लाभ तभी मिलेगा, जब वे ळएळ परीक्षा पास करेंगे. इस फैसले से राज्य के हजारों शिक्षकों पर असर पड़ सकता है.: बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. नए आदेश के अनुसार 2015-17 और 2017-18 सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को अब प्रशिक्षित वेतनमान का लाभ तभी मिलेगा, जब वे ळएळ यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करेंगे. शिक्षा विभाग के इस फैसले के बाद राज्यभर के हजारों शिक्षकों के बीच चर्चा तेज हो गई है. सिर्फ प्रशिक्षण से नहीं मिलेगा वेतनमान का लाभ शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि केवल डीएलएड या अन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने से प्रशिक्षित वेतनमान नहीं दिया जाएगा. विभाग के अनुसार ळएळ पास करना अब अनिवार्य शर्त होगी. इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने आधिकारिक आदेश जारी किया है. साथ ही सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लिया गया फैसला जानकारी के मुताबिक यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले के बाद लिया गया है. राज्य सरकार एवं अन्य बनाम मनोज कुमार एवं अन्य मामले में 16 जनवरी 2026 को अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था. उसी आदेश के अनुपालन में अब बिहार शिक्षा विभाग ने प्रशिक्षित वेतनमान को ळएळ योग्यता से जोड़ दिया है. एळ पास करने पर ही मिलेगा लाभ नए आदेश के मुताबिक 2015-17 और 2017-18 सत्र के प्रशिक्षित शिक्षकों को विरमन तिथि से प्रशिक्षित वेतनमान तभी मिलेगा, जब वे ळएळ परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे. यानी अब सिर्फ प्रशिक्षण प्रमाणपत्र के आधार पर वेतनमान का लाभ नहीं मिल सकेगा. विभाग का कहना है योग्यता जांचने का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है. इसी वजह से प्रशिक्षित वेतनमान को ळएळ से जोड़ने का फैसला लिया गया है. कुछ संगठनों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर नई शर्त लागू करना सही नहीं है. वहीं कई शिक्षक इसे अपने भविष्य के लिए नई चुनौती मान रहे हैं.

## बिहार विधान परिषद में मुख्य सचेतक बने संजय सिंह, नीरज कुमार और रीना देवी को मिली नई जिम्मेदारी



**पटना (एजेंसी)** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ ठउअ की नई टीम का गठन कर दिया गया है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अनुशंसा पर संसदीय कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी की है. कई नेताओं को नई जिम्मेदारी मिली है. पद के अनुसार मंत्री और राज्य मंत्री स्तर की सुविधाएं और भत्ते भी दिए जाएंगे. बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के नेताओं की नई टीम का गठन कर दिया गया है. संसदीय कार्य विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अनुशंसा पर कई नेताओं को नई जिम्मेदारी दी गई है. यह व्यवस्था 15 मई 2026 से लागू मानी जाएगी और उसी तारीख से सभी नेताओं को पद के अनुसार सुविधा और भत्ते भी मिलेंगे. किसे क्या जिम्मेदारी मिली जारी अधिसूचना के अनुसार ललन कुमार सर्राफ और प्रो. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल का उप नेता बनाया गया है. संजय कुमार सिंह को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है. जनक राम को उप मुख्य सचेतक बनाया गया है. इसके अलावा नीरज कुमार और रीना देवी को सचेतक नियुक्त किया गया है. क्या सुविधा मिलेगी सरकार की ओर से साफ किया गया है कि उप नेता और मुख्य सचेतक को मंत्री स्तर की सुविधा मिलेगी. वहीं उप मुख्य सचेतक और सचेतकों को राज्य मंत्री के बराबर दर्जा, वेतन, भत्ता और दूसरी सुविधाएं दी जाएंगी. यह सभी सुविधाएं 15 मई 2026 से प्रभावी होंगी. संसदीय कार्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बिहार विधान परिषद की ओर से भी इन नामों को मंजूरी दे दी गई है. इसके बाद अब नई टीम आधिकारिक रूप से काम करेगी. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधान परिषद के अंदर सरकार की रणनीति को मजबूत तरीके से रखने में यह नई टीम अहम भूमिका निभाएगी.

## बिहार में शुरू होने वाला है आंधी-तूफान और बारिश का दौर, IMD ने 26 मई तक जारी किया डबल अलर्ट



**पटना (एजेंसी)** बिहार को लेकर पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 26 मई तक के लिए पूवार्नुमान जारी किया है. कई जिलों में तेज बारिश, आंधी और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया है. कुछ इलाकों में हीट वेव लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है. खराब मौसम में सतर्क रहने और जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. बिहार के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश, गरज-चमक और गर्मी को लेकर अलग-अलग चेतावनी दी गई है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 23 मई से 26 मई तक बिहार का मौसम तेजी से बदलता रहेगा. कहीं तेज गर्मी रहेगी तो कई जिलों में बारिश और आंधी-तूफान आने की संभावना है. 23 मई को किस जिले में कैसा रहेगा मौसम का हाल पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 23 मई को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, पटना, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, भागलपुर, मुंगेर, बांका, नवादा, गया, भोजपुर और बक्सर समेत कई जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है. अररिया, किशनगंज, कटिहार, सुपौल, मधुबनी, सहरसा और पूर्णिया में तेज हवा, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, अरवल और जहानाबाद में हीट वेव की चेतावनी दी गई है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 25 मई को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया समेत उत्तर बिहार के कई जिलों में तेज हवा और बारिश का असर देखने को मिल सकता है. गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, पटना, बेगूसराय, भागलपुर, खगड़िया, मुंगेर, बांका, जमुई, नवादा और लखीसराय में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है. गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल में गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है. 26 मई को उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों जैसे पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, मधेपुरा, दरभंगा, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है

## बिहार में बनेगा 118 KM लंबा गंगा पथ नेटवर्क, तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं पर 16 हजार करोड़ खर्च करेगी सरकार



**पटना (एजेंसी)** बिहार में गंगा किनारे सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सरकार ने तीन बड़ी गंगा पथ परियोजनाओं को मंजूरी दी है. 2030 तक 118.45 किलोमीटर लंबा आधुनिक फोरलेन रोड नेटवर्क तैयार होगा, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी, व्यापार और पर्यटन को नई रफ्तार मिलेगी. (कृष्ण कुमार, पटना) बिहार में रोड नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने गंगा किनारे तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं को तेज गति देने का फैसला लिया है. इन परियोजनाओं के तहत कुल 118.45 किलोमीटर लंबा आधुनिक फोरलेन सड़क नेटवर्क तैयार किया जाएगा. सरकार ने इन तीनों परियोजनाओं को वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है. इन परियोजनाओं पर कुल 16,465.41 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. सरकार का मानना है कि इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, ट्रैफिक का दबाव कम होगा और पर्यटन व व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी. सुल्तानगंज से भागलपुर तक बनेगा फोरलेन गंगा पथ पहली बड़ी परियोजना भागलपुर क्षेत्र से जुड़ी है. इसके तहत सुल्तानगंज से भागलपुर तक करीब 40.8 किलोमीटर लंबा फोरलेन गंगा पथ बनाया जाएगा. इस परियोजना पर 4,849.83 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. सरकार ने इसे चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है. इस सड़क के बनने से भागलपुर, सुल्तानगंज और आसपास के इलाकों में आवागमन काफी आसान हो जाएगा. खासकर श्रावणी मेले के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी. मुंगेर में साफियाबाद से घोरघट तक बनेगा नया गंगा पथ दूसरी परियोजना मुंगेर जिले में प्रस्तावित है. इसके तहत साफियाबाद से बरियारपुर और घोरघट तक लगभग 42 किलोमीटर लंबा गंगा पथ तैयार किया जाएगा. इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,119.8 करोड़ रुपये बताई गई है. इसका निर्माण भी चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है. रकार का कहना है कि इस सड़क के बनने से मुंगेर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था मजबूत होगी. साथ ही व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा. दीघा से कोइलवर तक बढ़ेगा खढ गंगा पथ तीसरी और सबसे अहम परियोजना राजधानी पटना और भोजपुर क्षेत्र से जुड़ी है. इसके तहत खढ गंगा पथ का विस्तार दीघा से कोइलवर (बिहटा) तक किया जाएगा. करीब 35.65 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन विस्तार पर 6,495.78 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इस परियोजना के पूरा होने से पटना में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में मदद मिलेगी. साथ ही बिहटा, आरा और भोजपुर की ओर आने-जाने वाले लोगों को तेज और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा. बिहार की सड़क व्यवस्था को मिलेगी नई ताकत राज्य सरकार का कहना है कि इन तीनों गंगा पथ परियोजनाओं के पूरा होने के बाद बिहार की सड़क आधारभूत संरचना को नई मजबूती मिलेगी. इससे न सिर्फ लोगों की यात्रा आसान होगी,



## इस प्रकार बच्चों को मोबाइल की आदत से दूर करें

आजकल के बच्चों में मोबाइल फोन की आदत बहुत तेजी से बढ़ रही है। छोटा-सा बच्चा भी बार-बार फोन मांगता है, रोता है, जिद करता है और बिना फोन के चुप नहीं बैठता। यह आदत न सिर्फ पढ़ाई पर असर डालती है, बल्कि आंखों की रोशनी, नींद और व्यवहार पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है लेकिन अच्छी बात यह है कि थोड़ी समझदारी और लगातार कोशिश से इस आदत को छुड़ाया जा सकता है। इन तीन उपायों से बच्चा खुद फोन कम मांगेगा।

### स्क्रीन टाइम तय करें

सबसे पहले घर में एक साफ नियम बनाएं कि फोन या टैबलेट सिर्फ तय समय पर ही इस्तेमाल होगा, जैसे दिन में 30-60 मिनट से ज्यादा नहीं. बच्चे को पहले से बता दें कि 'खेलने के बाद 30 मिनट फोन, फिर बंद!'

फोन की सेटिंग में जाकर स्क्रीन टाइम लिमिट लगा दें! एंड्रॉयड या आईफोन में पैरेंटल कंट्रोल ऑन करें, जहां आप ऐप्स को लॉक कर सकते हैं या समय खत्म होने पर ऑटोमैटिक बंद हो जाए। जब बच्चा बार-बार मांगे तो प्यार से कहें, 'देखो, टाइमर खत्म हो गया, अब हम साथ कुछ और खेलेंगे.' इससे बच्चे को लगेगा कि नियम सबके लिए हैं, न कि सिर्फ उस पर रोक लगी है. धीरे-धीरे वह आदत डाल लेगा और जिद कम होगी।

### बच्चे को रोचक काम दें

ज्यादातर बच्चे फोन इसलिए मांगते हैं क्योंकि उन्हें कुछ और करने को नहीं मिलता. बोर होने पर फोन सबसे आसान लगता है। इसलिए घर में दूसरी एक्टिविटी बढ़ाएं। जैसे- बाहर पार्क में खेलना, साइकिल चलाना, घर में बोर्ड गेम खेलना, पेंटिंग करना, किताब पढ़ना या साथ मिलकर खाना बनाना. बच्चे को शामिल करें, जैसे 'आज हम सब मिलकर टेंट बनाएंगे!' या 'चलो, तुम्हारी फेवरेट स्टोरी सुनाऊं।'

जब बच्चा व्यस्त रहेगा तो फोन की याद ही नहीं आएगी. शुरुआत में मुश्किल लगेगा, लेकिन 7-10 दिन में फर्क दिखेगा. बच्चा खुद कहेगा, 'मम्मी, चलो खेलें!'

### स्वयं परिवार साथ मिलकर कम फोन यूज करें

बच्चे वही सीखते हैं जो देखते हैं. अगर मम्मी-पापा खुद दिनभर फोन में लगे रहें तो बच्चा भी वैसा ही करेगा।

सबसे पहले खुद फोन कम यूज करें। खाना खाते वक्त, बात करते वक्त या बच्चे के साथ खेलते वक्त फोन साइड में रखें। परिवार में 'नो फोन जोन' बनाएं, जैसे डिनर टेबल या बेडरूम में फोन न लाएं। सब मिलकर गेम खेलें, बातें करें या घूमने जाएं.

जब बच्चा देखेगा कि घर में सब फोन कम यूज कर रहे हैं तो वह भी आसानी से मान जाएगा। ये तरीके सबसे ज्यादा असरदार है क्योंकि बच्चा कॉपी करता है। इससे न सिर्फ बच्चे की फोन मांगने की आदत कम होगी, बल्कि परिवार में प्यार, बातचीत और खुशी बढ़ेगी। शुरुआत में बच्चा रो सकता है या जिद कर सकता है, लेकिन प्यार और धैर्य से समझाएं।

## इन विटामिन वाले आहारों से बच्चों की आंखें होंगी तेज



ज्यादातर मोबाइल और लैपटॉप इस्तेमाल करने के कारण आजकल बच्चों की आंखे कमजोर होने लगी हैं। इसके अलावा गलत खान-पान भी बच्चों की आंखे कमजोर होने के मुख्य कारण है। ऐसे में छोटी उम्र में ही उन्हें चश्मा लगने लगा है। इसके अलावा पोषण की कमी के कारण भी बच्चों की आंखे कम उम्र में ही कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में बच्चों की आंखों को तेज बनाने इन विटामिनों से भरे फल उन्हें दें।

### विटामिन-ई

विटामिन-ई से भरपूर आहार आप बच्चों की डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए आप बच्चों को बादाम, मूंगफली, मक्के का तेल, सरसों के बीज जैसी चीजें खिला सकते हैं।

### विटामिन-ए

यह शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनाने और आई साइट को मजबूत बनाने में मदद करता है। शरीर में यदि इस विटामिन की कमी हो जाए तो बच्चों की आंखे तेजी से कमजोर होने लगती है। ऐसे में आप उन्हें डाइट में अंडा, लीवर, दूध, हरी सब्जियां, स्वीट पोटैटो, रंग-बिरंगे फल आदि खाने के लिए दें।

जिंक की कमी भी आंखों में रोशनी कम होने की समस्या बढ़ सकती है। जिकं की कमी बच्चों के शरीर से पूरी करने के लिए आप उन्हें ओएस्टर, गेंहू और तरह के नट्स दे सकते हैं।

### ओमेगा 3 फैटी एसिड

इसकी कमी होने के कारण भी बच्चों की आंखें कमजोर हो सकती हैं। ऐसे में बच्चों के शरीर में से ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी पूरी करने के लिए आप ड्राई फ्रूट्स, कोल्ड वॉटर फिश, ब्रोकली उन्हें दे सकते हैं।



# गधे को हुआ राजा बनने का शौक

एक घना और हरा-भरा जंगल था, जिसका नाम था 'सुंदरवन'। इस जंगल में हर तरफ हरियाली थी और नदी की कल-कल करती आवाजें गूंजती रहती थीं।

जंगल के किनारे एक छोटा सा गांव था। उस गांव में रामू नाम का एक धोबी रहता था, जिसके पास एक गधा था - 'भोलू'। भोलू दिन भर कपड़े ढोता और रात को खूंटे से बंधा रहता। भोलू अपने इस जीवन से बहुत परेशान था। उसे लगता था कि वह किसी महान काम के लिए बना है। अक्सर रात के सन्नाटे में जब वह जंगल की तरफ देखता, तो उसे लगता कि काश! वह इस जंगल का राजा होता।

एक दिन रामू धोबी किसी काम से शहर गया और भोलू को खूंटे से बांधना भूल गया। भोलू ने मौका देखा और अपनी आजादी की ओर कदम बढ़ा दिए। वह भागता हुआ सीधे सुंदरवन के घने जंगल में जा पहुंचा।

जंगल में घुसते ही उसे एक अजीब सी आजादी का अहसास हुआ। तभी उसकी नजर एक पुराने खंडहर पर पड़ी। वह किसी जमाने में एक राजा का शिकारगाह हुआ करता था। वहां भोलू को एक पुराना सा राजसी लबादा (कपड़ा) और एक पीतल का चमचमाता हुआ मुकुट मिला, जो शायद कोई इंसान वहां भूल गया था। भोलू ने तुरंत वह लबादा ओढ़ लिया और सिर पर मुकुट रख लिया। पानी में अपनी परछाई देखकर भोलू को लगा कि वह सचमुच कोई महान सम्राट लग रहा है।

अब भोलू ने अपनी चाल बदल ली। वह सीना तानकर और अकड़कर चलने लगा। सबसे पहले उसकी मुलाकात 'चंपक' नाम के एक सीधे-सादे खरगोश से हुई। खरगोश ने जब मुकुट पहने हुए इस अजीबोगरीब जानवर को देखा, तो वह डर गया।

भोलू ने अपनी आवाज को भारी बनाते हुए कहा, 'डरो मत छोटे जीव! मैं दूर देश के जंगलों का महाराजा हूँ। भगवान ने मुझे तुम लोगों की रक्षा के लिए इस जंगल में भेजा है। सुना है तुम्हारे जंगल का शेर अब बहुत बूढ़ा हो गया है?'

खरगोश तुरंत भागकर जंगल के बाकी जानवरों को यह खबर देने चला गया। यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई।

कुछ ही देर में हाथी, हिरण, बंदर और जेब्रा भोलू के पास आ गए। भोलू एक ऊंचे पत्थर पर बैठ गया। उसने जानवरों को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरे प्यारे वनवासियों! मैं देख रहा हूँ कि इस जंगल में कोई व्यवस्था नहीं है। शेर सिर्फ डराकर राज करता है। अगर तुम मुझे अपना राजा मान लो, तो मैं तुम्हें कभी शिकार नहीं बनाऊंगा। पूरे जंगल में लोकतंत्र होगा और हर रोज मीठी घास की दावत होगी!'

हिरण और बंदर भोलू की इन मीठी बातों में आ गए। उन्हें लगा कि शायद यही वो आदर्श राजा है जिसकी उन्हें तलाश थी। जानवरों ने जयकारे लगाने शुरू कर दिए - 'नए राजा की जय हो! महाराजा की जय हो!'

एक चतुर लोमड़ी भी थी, जिसका नाम था 'चलाकी'। लोमड़ी को भोलू की शक्ल और उसके लंबे कान देखकर कुछ शक हुआ। उसने सोचा कि यह जानवर शेर और हाथी से भी बड़ा राजा कैसे हो सकता है? इसके पैर तो बिल्कुल गधे जैसे दिख रहे हैं!

लोमड़ी ने धीरे से जाकर यह सारी बात जंगल के असली राजा, शेर सिंह को बता दी। शेर सिंह अपनी गुफा में आराम कर रहा था। यह सुनकर उसे भी अचरज हुआ कि उसके जीते-जी जंगल में कोई नया राजा कैसे आ गया? वह तुरंत अपने मंत्रियों (भालू और चीते) को लेकर उस जगह की ओर निकल पड़ा।

इधर भोलू का राज्याभिषेक चल रहा था। बंदर उसे फलों की माला पहना रहे थे और हाथी अपनी सूंड से उस पर पानी छिड़क कर 'शाही स्नान' करा रहे थे। भोलू खुशी से फूला नहीं समा रहा था। उसे लगा कि उसका 'गधे से राजा बनने का शौक' पूरा हो गया है।

तभी अचानक एक भयंकर दहाड़ से पूरा जंगल कांप उठा। 'ग्रर्रर्रर...!!'

शेर सिंह वहां पहुंच चुका था। उसकी लाल आंखें और रौद्र रूप देखकर सारे जानवर कांपने लगे और पीछे हट गए।

शेर सिंह ने भोलू की तरफ घूरते हुए कहा, 'कौन हो तुम? और मेरे जंगल में राजा बनने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई?'

भोलू शेर को देखकर अंदर तक कांप गया। उसकी सारी अकड़ हवा हो गई। लेकिन उसने सोचा कि अगर वह भी एक जोरदार दहाड़ लगाएगा, तो शायद शेर डर जाएगा। भोलू ने पूरा जोर लगाया, अपनी छाती फुलाई, आंखें बंद कीं और अपनी पूरी ताकत से आवाज निकाली।

लेकिन भोलू ठहरा एक गधा! उसके मुंह से शेर की दहाड़ की जगह एक जोरदार आवाज निकली - 'ढेंचू! ढेंचू! ढेंचू!'

यह आवाज सुनकर जंगल के सारे जानवर सन्न रह गए। उसी समय भोलू के सिर से वह पीतल का मुकुट भी नीचे गिर गया और उसका लबादा खिसक गया। अब सबके सामने एक साधारण सा गधा खड़ा था जो डर के मारे थर-थर कांप रहा था।

शेर सिंह यह देखकर जोर-जोर से हंसने लगा। 'हाहाहा! तो तुम एक गधे हो! और चले थे जंगल के राजा बनने?'

चतुर लोमड़ी ने ताना मारते हुए कहा, 'देखा दोस्तों! मैंने कहा था ना कि कपड़े बदलने से किसी की असलियत नहीं बदलती।'

बंदर, खरगोश और हिरण को अपनी मूर्खता पर बहुत शर्म आई। भोलू शेर के पैरों में गिर पड़ा और रोते हुए बोला, 'मुझे माफ़ कर दीजिये महाराज! मुझे बस राजा बनने का शौक चढ़ गया था। मैं अब कभी ऐसी गलती नहीं करूंगा।'

शेर सिंह ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं तुम्हें मारूंगा नहीं गधे, क्योंकि तुमने मुझे आज बहुत हंसाया है। लेकिन यह जंगल तुम्हारा घर नहीं है। वापस अपने मालिक के पास जाओ और वही काम करो जिसके लिए तुम बने हो।'

भोलू वहां से दुम दबाकर जो भागा, तो सीधे रामू धोबी के घर जाकर ही रुका। उस दिन के बाद से भोलू ने फिर कभी राजा बनने का सपना नहीं देखा और चुपचाप अपना काम करने लगा।

बच्चों और बड़ों के लिए लिखी गई यह प्रेरक कहानी हमें एक बहुत बड़ी सीख देती है कि - 'केवल बाहरी रूप और कपड़े बदल लेने से कोई महान नहीं बन जाता। इंसान (या जानवर) की असली पहचान उसके गुणों और उसकी असलियत से होती है। जो हम हैं, हमें वही रहना चाहिए और दिखावे से बचना चाहिए।'



# बच्चों में कैल्शियम की कमी का इस प्रकार पता चलेगा



कैल्शियम बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। इसकी कमी से हड्डियां कमजोर हो जाती है। ऐसे में बच्चों के लिए भी ये काफी जरुरी होता है। इसकी कमी से उनके शरीर पर विपरीत प्रभावि पड़ता है। । ये उनकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, उनकी कैल्शियम की जरूरत भी बढ़ जाती है। अगर बच्चों को सही मात्रा में कैल्शियम नहीं मिलता, तो उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरी त प्रभाव पड़ता है।

### कमी के हैं ये संकेत

कैल्शियम की कमी से बच्चों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इसके कारण बच्चों को चलने-फिरने में परेशानी हो सकती है और वे दर्द महसूस कर सकते हैं। इससे शिशु को उठने और बैठने में भी मुश्किल हो सकती है ।दांतों की समस्याएं : नवजात शिशुओं में दांतों का देर से आना, दांत कमजोर होना या दांतों में कैविटी की समस्या कैल्शियम की कमी के संकेत होत हैं। मांसपेशियों में दर्द : कैल्शियम की कमी से बच्चों की मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द हो सकता है। यह एक सामान्य लक्षण है जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

शारीरिक विकास की धीमी गति : अगर बच्चे की लंबाई और वजन अपेक्षित दर से कम बढ़ रहे हैं, तो यह भी कैल्शियम की कमी का संकेत हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर से बच्चों की शारीरिक विकास की ट्रैकिंग के लिए सलाह लें।

चिड़चिड़ापन : बच्चों का चिड़चिड़ा होना सामान्य हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा हमेशा चिड़चिड़ा रहता है और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करता है, तो यह कैल्शियम की कमी का एक संकेत हो सकता है।

### इस प्रकार कमी दूर करे

कैल्शियम युक्त आहार : बच्चों की डाइट में कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। दूध, पनीर, दही और छाछ जैसे खाद्य पदार्थ बच्चों के शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा कर सकते हैं।

ड्राई फ्रूट्स का सेवन : बच्चों को रोजाना 4 बादाम और 1 अंजीर खिलाएं। इन दोनों में कैल्शियम और विटामिन्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। हमेशा बादाम और अंजीर को पानी में भिगोकर दें।

विटामिन डी की प्राप्ति : विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है। बच्चों को सूरज की रोशनी में बैठने के लिए प्रेरित करें। रोजाना कम से कम आधे घंटे के लिए उन्हें धूप में खेलने का समय दें।

नियमित स्वास्थ्य जांच : कैल्शियम की कमी का पता लगाने के लिए बच्चों की नियमित मेडिकल जांच कराना बहुत जरूरी है। डॉक्टर से सलाह लेकर हर 3 महीने में बच्चे की जांच करवाएं।

# ब्रूनो फर्नांडिस बने प्रीमियर लीग 2025-26 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, जीता प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीजन अवॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार मिडफील्डर ब्रूनो फर्नांडिस को प्रीमियर लीग 2025-26 सीजन का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। पुर्तगाल के इस दिग्गज फुटबॉलर ने पहली बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किया।

ब्रूनो फर्नांडिस ने पूरे सीजन शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को यूईएफए चैंपियंस लीग में वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 37 लीग मैचों में 8 गोल और 20 असिस्ट दर्ज किए। इस तरह वह कुल 28 गोलों में सीधे तौर पर शामिल रहे और टीम को अंक तालिका में तीसरे स्थान तक पहुंचाने में सफल रहे।



सीजन का उनका 20वां असिस्ट नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 3-2 की जीत में आया, जब उन्होंने ब्रायन मबेउमो के लिए गोल तैयार किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रीमियर लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा असिस्ट के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब वह थिएरी हेनरी और केविन डी ब्रूने जैसे दिग्गजों के साथ संयुक्त रूप से इस सूची में शामिल हो गए हैं।

सीजन की शुरूआत में मैनचेस्टर यूनाइटेड को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तत्कालीन कोच रूबेन अमोरिम की रणनीति के तहत ब्रूनो फर्नांडिस को गहरे मिडफील्ड रोल में खेलना पड़ा, जिससे उनका आक्रामक प्रभाव कम हो गया था।

हालांकि खराब नतीजों के बाद क्लब ने अमोरिम को हटाकर माइकल कैरिक को अंतरिम कोच बनाया। कैरिक ने आते ही फर्नांडिस को उनके पसंदीदा नंबर-10 रोल में वापस भेजा, जिसके बाद उनका प्रदर्शन पूरी तरह बदल गया और उन्होंने लगातार शानदार खेल दिखाया। ब्रूनो फर्नांडिस ने इस सीजन 20 असिस्ट कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व दिग्गज डेविड बेकहम का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बेकहम ने 1999-2000 सीजन में 15 असिस्ट किए थे। फर्नांडिस ने इस सीजन कुल 132 गोल मौके तैयार किए, जो लिवरपूल के डोमिनिक सोबोस्लाई से 43 ज्यादा रहे। पुरस्कार जीतने के बाद ब्रूनो फर्नांडिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं इस उपलब्धि और टीम की जीत से बेहद खुश हूं। प्रीमियर लीग में यह मेरा सर्वश्रेष्ठ सीजन रहा है। अभी एक मैच बाकी है और मैं इस रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा।

ब्रूनो फर्नांडिस हाल ही में फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन के फुटबॉलर ऑफ द ईयर भी चुने गए थे। वह 2010 में वेन रूनी के बाद यह सम्मान पाने वाले पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड खिलाड़ी बने। वहीं 2011 में नेमांजा विदिच के बाद वह प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीजन जीतने वाले यूनाइटेड के पहले खिलाड़ी हैं।

इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने डेक्लान राइस, गैब्रियल, डेविड राया, एर्लिंग हालांड, एंटोनी सेमेन्यो, इगोर थियागो और मॉर्गन गिब्स-व्हाइट जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा।

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप रेस में क्लासेन तीसरे स्थान पर, ईशान किशन टॉप-5 में पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण के अंतिम दौर में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस बेहद रोमांचक हो गई है। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के बाद दोनों सूचियों में कई अहम बदलाव देखने को मिले।

**ऑरेंज कैप की दौड़ में क्लासेन की बड़ी छलांग**

गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 638 रनों के साथ अब भी ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके साथी और कप्तान शुभमन गिल 616 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने आरसीबी के खिलाफ सिर्फ 24 गेंदों में 51 रनों की तेज पारी खेलकर तीसरे स्थान पर छलांग लगा दी है। क्लासेन के अब 14 पारियों में 606 रन हो गए हैं।

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 579 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं, एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आरसीबी के खिलाफ 46 गेंदों में 79 रन बनाकर टॉप-5 में जगह बना ली है। किशन के अब 569 रन हो गए हैं।

**पर्पल कैप में भुवनेश्वर और रबाडा बराबरी पर**

पर्पल कैप की दौड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा संयुक्त रूप से 24-24 विकेट लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं।

हालांकि, बेहतर इकॉनमी रेट (8.07) होने के कारण पर्पल कैप फिलहाल भुवनेश्वर कुमार के पास ही बनी हुई है, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.18 है।

चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) के युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 21 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान 19 विकेट लेकर चौथे नंबर पर मौजूद हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा ने आरसीबी के खिलाफ 2 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 19 तक पहुंचा दी, लेकिन उनकी इकॉनमी 9.27 होने के कारण वह पांचवें स्थान पर हैं।

# छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का भारतीय हॉकी टीम में हुआ चयन

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली युवा हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का जापान में आयोजित होने वाले अंडर-18 जूनियर एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। अवि मानिकपुरी के भारतीय टीम में चयन पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार को उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि अवि मानिकपुरी की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर प्रदेश के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीयस्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। चौधरी ने कहा कि अवि का




भारतीय टीम में चयन न केवल उनके परिवार और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह राज्य की समृद्ध खेल परंपरा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला प्रेरक उदाहरण भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अवि मानिकपुरी जापान में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे तथा आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे।

# छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने रचा इतिहास 100 मीटर दौड़ में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के उभरते हुए युवा एथलीट अनिमेष कुजुर ने नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बिरसा मुंडा स्टेडियम रांची में आयोजित हो रही 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप में उन्होंने 10.15 सेकेंड का समय निकालकर भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रच दिया। अनीमेश की इस उपलब्धि को देश के ट्रैक एंड फील्ड इतिहास में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि 100 मीटर जैसी स्पर्धा में इस स्तर का समय भारतीय स्प्रिंटिंग के बढ़ते स्तर को दशार्ता है। उनके प्रदर्शन के बाद खेल जगत में खुशी की लहर है और उन्हें देश के भविष्य के शीर्ष स्प्रिंटर्स में से एक माना जा रहा है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनीमेश ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो राज्य के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे राज्य की पहचान खेल के क्षेत्र में भी मजबूत हो रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अनीमेश आने वाले समय में और बड़े मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। इस रिकॉर्ड के बाद राज्यभर में खेल प्रेमियों और खेल संगठनों ने अनीमेश को शुभकामनाएं दी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक सकारात्मक संकेत है और इससे युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। अनिमेष कुजुर की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है।

# आईपीएल : विराट कोहली ने ट्रैविस हेड से नहीं मिलाया हाथ, मैच के बाद मैदान पर दिखा तनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हैदराबाद में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 मुकाबले के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ नहीं मिलाया, जिसके बाद यह घटना चर्चा का विषय बन गई। मैच समाप्त होने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी पारंपरिक हैंडशेक के लिए मैदान पर पहुंचे। इस दौरान विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस और बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से हाथ मिलाया, लेकिन उन्होंने ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने हाथ बढ़ाया हुआ था, लेकिन कोहली बिना हाथ मिलाए आगे बढ़ गए। मुकाबले के दौरान भी विराट कोहली और ट्रैविस हेड के बीच कुछ तीखी बातचीत देखने को मिली थी। हालांकि दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी किस बात को लेकर हुई, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने



पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 255 रन बनाए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 4 विकेट पर 200 रन ही बना सकी। टीम को अंक तालिका में शीर्ष पर बने रहने के लिए एक निश्चित स्कोर तक पहुंचना जरूरी था और उसने उसी रणनीति के साथ बल्लेबाजी की। कोहली ने पारी की शुरूआत की, लेकिन वह 11 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें पावरप्ले के अंतिम ओवर में साकिब हुसैन ने पवेलियन भेजा। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस से होगा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे स्थान पर रहते हुए 27 मई को न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर मुकाबला खेलेगी।

# आरसीबी ने शीर्ष पर रहकर लीग चरण का किया समापन क्रुणाल पंड्या बोले- अब अपने लक्ष्य से सिर्फ दो कदम दूर

एजेंसी

**हैदराबाद :** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी लीग मुकाबले में 55 रन की हार के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के लीग चरण का समापन अंक तालिका में शीर्ष स्थान के साथ किया। टीम ने 18 अंकों और बेहतर नेट रन रेट के आधार पर प्लेऑफ में नंबर-1 टीम के रूप में जगह बनाई। मैच के बाद आरसीबी के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे सीजन की मेहनत का नतीजा है। क्रुणाल पंड्या ने कहा, यह सिर्फ आज के मैच की बात नहीं है, बल्कि पिछले ढाई महीनों की मेहनत का परिणाम है। भले ही आज नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन 14 मैचों के बाद शीर्ष पर रहना संतोष देने वाला है। अब हम उस लक्ष्य से सिर्फ दो कदम दूर हैं, जिसकी कल्पना हमने सीजन शुरू होने से पहले की थी। क्रुणाल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहम योगदान देते हुए 31 गेंदों पर 41 रन बनाए और हेनरिक क्लासेन का महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किया। 35 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा, उन्होंने इस विकेट पर अपने अनुभव का बेहतरीन इस्तेमाल किया और धीमी गेंदों को अच्छी तरह अंजाम दिया। क्लासेन का विकेट बेहद अहम था। मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए योगदान दे पाया, लेकिन आखिर में मायने वही गोल्डन



ट्रॉफी रखती है और वही हमारा लक्ष्य है।

आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने भी टीम की निरंतरता की सराहना की। फ्लावर ने कहा, लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहना शानदार उपलब्धि है। इस प्रतियोगिता में सभी 10 टीमें बेहद मजबूत हैं और हर मैच में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। निचले स्थान की टीमों ने भी दिखाया कि वे कितनी खतरनाक हो सकती हैं। सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने टीम को तेज शुरूआत दिलाते हुए 19 गेंदों पर 44 रन बनाए। उन्होंने कहा कि शीर्ष पर रहना टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। वेंकटेश अय्यर ने कहा, ह्लइतने बड़े टूनार्मेंट में शीर्ष पर रहना बताता है कि हमने टीम के रूप में क्या हासिल किया है। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में लगातार दबाव रहता है, इसलिए छोटी-छोटी सफलताओं का आनंद लेना भी जरूरी है। यह उपलब्धि पूरी टीम हमेशा याद रखेगी। वहीं देवदत्त पडिक्कल ने प्लेऑफ में नई शुरूआत की जरूरत पर जोर दिया। पडिक्कल ने कहा, हर मैच के बाद लगता है कि कुछ चीजें बेहतर की जा सकती थीं, लेकिन 14 मैचों के दौरान हमने टीम के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। अब जरूरी है कि हम नई शुरूआत करें और एक समय में एक मैच पर फोकस रखें। आरसीबी अब प्लेऑफ में गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-1 मुकाबले की तैयारी करेगी। यह मैच 26 मई को धर्मशाला में खेला जाएगा, जहां विजेता टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपर चेस क्लासिक : प्रज्ञानानंद का मुकाबला ड्रॉ, खिताब की दौड़ हुई रोमांचक



**बुखारेस्ट :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने जीत के कई मौके गंवाए और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लग्रेव के खिलाफ शुक्रवार को मुकाबला ड्रॉ खेला। इसके साथ ही सुपर चेस क्लासिक टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ अंतिम दौर से पहले बेहद रोमांचक हो गई है। नौवें और अंतिम से पहले राउंड में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और जर्मनी के विन्सेंट कीमर के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वहीं उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए नीदरलैंड्स के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को हराया। डच खिलाड़ियों के लिए यह दिन निराशाजनक रहा, क्योंकि अनिश गिरी को रोमानिया के बोगदान-डेनियल डियाक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वहीं अमेरिका के वेस्ले सो को फ्रांस के अलीरेजा फिरूजा के टूर्नामेंट से हटने के कारण वॉकओवर मिला। अब अंतिम राउंड से पहले कारुआना और कीमर पांच-पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सिंदारोव, वेस्ले सो और जॉर्डन वान फॉरेस्ट साढ़े चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा, गिरी और वाचियर-लग्रेव चार-चार अंकों के साथ संयुक्त छठे स्थान पर मौजूद हैं। प्रज्ञानानंद ने ग्रुनफेल्ड डिफेंस ओपनिंग में सफेद मोहरों से खेलते हुए सातवीं चाल पर नया प्रयोग किया, जो शीर्ष स्तर पर पहले कभी नहीं देखा गया था। शुरूआती मिडिल गेम में भारतीय खिलाड़ी मजबूत स्थिति में थे और लग रहा था कि मुकाबला जल्द उनके पक्ष में समाप्त हो जाएगा। हालांकि कुछ गलतियों के कारण मुकाबला क्वीन और प्यादों के एंडगेम तक पहुंच गया, जहां प्रज्ञानानंद के पास अतिरिक्त प्यादा था। समय के दबाव के बावजूद उन्होंने लगातार संघर्ष जारी रखा। टूर्नामेंट का सबसे लंबा मुकाबला आखिरकार 139 चालों के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर, सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंडगेम में अपने नाइट और रूख की मदद से बेहतरीन मात का जाल बिछाकर जीत दर्ज की। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 3 लाख 75 हजार अमेरिकी डॉलर है, जिसमें विजेता को 1 लाख डॉलर मिलेंगे। यदि शीर्ष पर बराबरी रहती है, तो विजेता तय करने के लिए टाईब्रेक मुकाबले खेले जाएंगे।

### न्यूजीलैंड टेस्ट के लिए आयरलैंड टीम घोषित एंड्रयू बालबर्नी बने कप्तान

**नई दिल्ली :** आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक टेस्ट मैच के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबला 27 से 30 मई तक बेलफास्ट के स्टॉर्मोंट मैदान पर खेला जाएगा। एंड्रयू बालबर्नी टीम की कप्तानी करेंगे। वह टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार आयरलैंड की अगुवाई करेंगे। हालांकि टीम को कई अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी का सामना करना पड़ेगा। पॉल स्टर्लिंग, बैरी मैकार्थी, जोश लिटिल, गेविन होई और जॉर्डन नील चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। वहीं जेक ईगन, टॉम मेयस, लियाम मैकार्थी और रूबेन विल्सन को पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने भी इस मुकाबले के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कीवी टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे, जबकि स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा हैं। आयरलैंड की टेस्ट टीम: एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैंफर, केड कारमाइकल, स्टीफन डोहेनी, जेक ईगन, मैथ्यू हम्फ्रीज, टॉम मेयस, एंड्रयू मैकब्राइन, लियाम मैकार्थी, हैरी टेक्टर, लॉर्कन टकर, रूबेन विल्सन और क्रेग यंग।

### एमपीएल 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने घोषित की टीम, माधव तिवारी पर रहेंगी निगाहें



**उज्जैन :** उज्जैन फाल्कन्स ने आगामी मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी पर सभी की निगाहें होंगी। उज्जैन फाल्कन्स अपने अभियान की शुरूआत 3 जून को इंदौर के होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीता के खिलाफ करेगी। पुरुष वर्ग के टूर्नामेंट का यह मुकाबला शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले माधव तिवारी ने हाल के समय में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर माधव ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी, निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी और दबाव में शानदार खेल से सभी का ध्यान खींचा। उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कालानी ने टीम को लेकर भरोसा जताते हुए कहा, हम एमपीएल 2026 के लिए बनाई गई टीम को लेकर बेहद उत्साहित हैं। माधव तिवारी ने हाल में बड़े स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है और हमें विश्वास है कि वह इस सीजन टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हमारा लक्ष्य निडर क्रिकेट खेलना और प्रशंसकों को पूरे टूर्नामेंट में उत्साहित रखना है। टीम में आर्यन पांडे, चंचल राठौर, अधीर प्रताप सिंह, यश दुबे, सोहम पटवर्धन, शुभम कुशवाह और हर्षवर्धन हार्डिया जैसे प्रतिभाशाली घरेलू खिलाड़ी भी शामिल हैं। इससे टीम में युवा जोश और अनुभव का अच्छा संतुलन देखने को मिलेगा। उज्जैन फाल्कन्स के मुख्य कोच पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे होंगे। उन्होंने अपने करियर में 17 फर्स्ट क्लास और 21 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। उज्जैन फाल्कन्स टीम: माधव तिवारी, आर्यन पांडे, चंचल राठौर, अधीर प्रताप सिंह, यश दुबे, सोहम पटवर्धन, शुभम कुशवाह, मासूम रजा कैफ, ओजस्वा यादव, गजेंद्र गोस्वामी, आयुष मंकर, अंकुर सिंह चौहान, ऋषि मिगलानी, हर्षवर्धन हार्डिया, नवीन नागले, विशेष मुद्गल और दर्शन राठौर।

### विराट कोहली ने मुकुल चौधरी को दी खास सलाह, सिर्फ छक्के मारना बड़ी बात नहीं

**नई दिल्ली :** लखनऊ सुपर जायंट्स के युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी नेआईपीएल 2026 के दौरान विराट कोहली से हुई खास बातचीत का खुलासा किया है। मुकुल ने बताया कि कोहली ने उन्हें सिर्फ बड़े शॉट खेलने की बजाय दबाव में मैच फिनिश करना सीखने की सलाह दी। मुकुल चौधरी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार मैच जिताऊ पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा था। इसी पारी के बाद विराट कोहली ने उनसे बातचीत की और उनकी बल्लेबाजी की तारीफ की। मुकुल ने बताया, 'विराट भाई ने कहा कि उन्होंने केकेआर के खिलाफ मेरी पारी देखी थी और जिस तरह मैंने मैच फिनिश किया, वह उन्हें पसंद आया।'मुकुल के अनुसार, विराट कोहली ने आधुनिक क्रिकेट को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में सिर्फ छक्के मारना कोई बड़ी बात नहीं रह गई है। मुकुल ने बताया, 'कोहली ने कहा कि अब हर युवा बल्लेबाज बड़े शॉट लगा सकता है, लेकिन असली खिलाड़ी वही होता है जो दबाव में मैच खत्म करना जानता हो।

## एक नजर

### भीषण गर्मी के बीच चेन्नई में बदला मौसम तेज आंधी के बाद गर्मी से मिली राहत

**चेन्नई:** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस के बीच शनिवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही शहर के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को तपिश से राहत मिली। हालांकि, मौसम में आए इस बदलाव का असर सामान्य जनजीवन के साथ-साथ विमान सेवाओं पर भी पड़ा और कई उड़ानों के संचालन में देरी दर्ज की गई। पिछले एक सप्ताह से चेन्नई में तापमान लगातार बढ़ रहा था। सुबह से ही तेज धूप और अत्यधिक उमस के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दोपहर के समय हालात और अधिक कठिन हो जाते थे तथा सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दे रही थी। ऐसे में शनिवार सुबह अचानक आसमान में बादल छा गए और शहर के कई इलाकों में तेज हवाएं चलने लगीं। चेन्नई के मरीना, एग्मोर, पुरसावक्कम, अन्नानगर, कोयम्बेडु, तांबरम, वेलाचेरी और अडयार समेत कई क्षेत्रों में तेज आंधी देखी गई। कुछ स्थानों पर धूल भरी हवाएं चलने से वाहन चालकों को दृश्यता संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बैनर और अस्थायी ढांचे हिलने लगे, जबकि कई जगहों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिरने की भी सूचना मिली। स्थानीय प्रशासन की टीमें सतर्क रहीं और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी करती रहीं। मौसम में अचानक आए बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और पूरे शहर में ठंडक महसूस की गई। पिछले कई दिनों से तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह के समय कई लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं का आनंद लेते दिखाई दिए। शहर के पार्कों, समुद्र तटों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर भी मौसम में आए इस बदलाव को "गर्मी से राहत" बताते हुए खुशी जाहिर की।

### उप्र के लखनऊ में सहारा शहर की भूमि पर 'बनेगा 'नया विधान भवन'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नया भव्य और आधुनिक तकनीक से लैस विधानभवन का निर्माण कराया जाएगा। यह नया कॉम्प्लेक्स गोमती नगर स्थित सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से डिजाइन और प्लानिंग के लिए कंसल्टेंट व आर्किटेक्ट चयन का टेंडर जारी कर दिया गया है। इस नये विधानभवन के बनने से हजरतगंज में बना 98 साल पुराना विधानभवन रिटायर होकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। नगर निगम ने वर्ष 1994 में सहारा इंडिया समूह को 30 साल की लीज पर गोमती नगर में 245 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी। पिछले साल 2025 में लीज खत्म हो गई। लीज की शर्तों के उल्लंघन और अवधि पूरी होने के बाद नगर निगम व एलडीए ने जमीन वापस अपने कब्जे में ले ली। कुल 245 एकड़ प्रस्तावित भूमि में 170 एकड़ नगर निगम की और 75 एकड़ एलडीए के स्वामित्व की है। इसी जगह पर अब उत्तर प्रदेश का हाईटेक विधानभवन तैयार किया जाएगा। इस नये कॉम्प्लेक्स को भविष्य में परिसीमन के बाद बढ़ने वाली विधायकों की संख्या को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। परिसर में विधानसभा के अलावा विधान परिषद, मंत्रियों के चैंबर, आधुनिक सुविधाएं, बेहतर पार्किंग, ग्रीन एरिया और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और पूरी तरह से पेपर लेस तकनीक के साथ सुगम वीआईपी मूवमेंट के हिसाब से विकसित किए जाने की योजना है।

# रेल मंत्री ने जयपुर में 420 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले- रेलवे में जल्द 1.78 लाख भर्तियां

एजेंसी

**जयपुर :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को जयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने जयपुर स्थित कॉन्सटीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित रोजगार मेले में भाग लिया और विभिन्न केंद्रीय विभागों में चयनित 420 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे में जल्द ही एक लाख 78 हजार पदों पर भर्ती निकाली जाएगी।



रोजगार मेले के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे में भर्ती प्रक्रिया को अब अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है। पहले भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक चलती थीं, लेकिन अब वार्षिक भर्ती कैलेंडर लागू होने से युवाओं को पहले से जानकारी मिल रही है कि किस समय कौन-सी भर्ती निकलेगी। उन्होंने बताया कि रेलवे भर्ती प्रक्रिया को चार चरणों में विभाजित किया गया है। पहले क्वार्टर में लोको पायलट, दूसरे क्वार्टर में टेक्निशियन एवं अन्य तकनीकी पदों, तीसरे क्वार्टर में नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी जैसे स्टेशन मास्टर और जूनियर इंजीनियर तथा चौथे क्वार्टर में लेवल-1 पदों के नोटिफिकेशन जारी किए जाते हैं। इससे युवाओं को बेहतर तैयारी और नियमित अवसर मिल रहे हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री ने इस अवसर पर राजस्थान में रेलवे विस्तार योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे देशभर में 36 हजार किलोमीटर नए ट्रैक बिछाने पर कार्य कर रही है। राजस्थान में चल रहे रेलवे प्रोजेक्ट पूरे होने के बाद राज्य में लगभग 200 नई ट्रेनें चलाने की योजना है। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के बाद राजस्थान को 50 से अधिक नई ट्रेनें दी जा चुकी हैं, जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवा और उनके परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रेल मंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें देश निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, लोकसभा सांसद मंजू शर्मा तथा विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे। देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित इस रोजगार मेले का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। प्रधानमंत्री ने एक साथ 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे, इसरो, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, डाक विभाग समेत विभिन्न केंद्रीय विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गईं।

## हंगामा ओटीटी ने लॉन्च की ओरिजिनल सीरीज 'लुटेरी दुल्हन'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के अग्रणी डिजिटल मनोरंजन प्लेटफार्मों में से एक, हंगामा ओटीटी ने मंगलवार को अपनी नवीनतम ओरिजिनल सीरीज 'लुटेरी दुल्हन' लॉन्च की है। यह मध्य प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित एक धारदार और दिलचस्प क्राइम ड्रामा है। मुख्य भूमिकाओं में पूजा ए गोर और संविका के साथ-साथ मनमोहन तिवारी भी दमदार किरदारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज एक हाई-स्टेक्स जांच के साथ-साथ दो ऐसी महिलाओं के सम्मोहक चित्रण को बुनती है, जो एक ऐसी दुनिया में अपना रास्ता बना रही हैं जो शायद कभी उनके लिए बनी ही नहीं थी।

'लुटेरी दुल्हन' मध्य प्रदेश में आई अपराध की एक अजीबोगरीब लहर के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ दूल्हों को एक ऐसी दुल्हन द्वारा लूट लिया जाता है जो रातों-रात गायब हो जाती है। जब बाकी लोग इसे आम घटना मानकर खारिज कर देते हैं, तब सब-इंस्पेक्टर संध्या यादव इसमें एक पैटर्न को भांप लेती हैं और इस अदृश्य मास्टरमाइंड का पीछा करना शुरू कर देती हैं। तेजतर्रार, अनुशासित और सालों के सामाजिक आकलनों व पूर्वाग्रहों से आकार लेने वाली संध्या खुद को साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, भले ही उसके आसपास शादी को लेकर सामाजिक दबाव बना रहता है। उसकी यह जांच उसे माया तक ले जाती है—एक बेहद चालाक कॉन-आर्टिस्ट जिसने सर्वाइवल को अपनी रणनीति बना लिया है। माया एक ऐसा नेटवर्क चलाती है जो कानून से एक कदम आगे रहते हुए पुरुषों को अपना शिकार बनाता है। जैसे-जैसे संध्या उसके करीब पहुंचती है, यह केस व्यक्तिगत रूप ले लेता है, जिससे उसके भीतर की असुरक्षाएं, जुनून और उस महिला के प्रति एक गहरी समझ पैदा होती है जिसका वह पीछा कर रही है।

## युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रहे रोजगार मेले : बीएल वर्मा

एजेंसी

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने प्रधानमंत्री रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कुल 330 अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा की सौगात दी, जिनमें से 198 उम्मीदवार भारतीय रेलवे का हिस्सा बनें। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रहे हैं। आज




देश भर में 47 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिनमें 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं लखनऊ में 330 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेले के माध्यम से सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, अपर मण्डल रेल प्रबंधक अरिमा भटनागर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई और ईंधन कीमतों को लेकर केंद्र की मंशा पर उठाये सवाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाये। पार्टी के अनुसंधान विभाग के अध्यक्ष राजीव गौड़ा और पार्टी प्रवक्ता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का घरेलू बजट बिगड़ गया है जबकि सरकार जनता को राहत देने की बजाय और मुश्किल में डाल रही है।

पार्टी मुख्यालय में यहां शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में राजीव गौड़ा ने कहा कि आज देश की जनता यह देख रही है कि पहले कौन शतक लगाएगा, पेट्रोल की कीमत या रुपया-डॉलर विनिमय दर। सरकार



ने केवल एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम पांच रुपये तक बढ़ाकर आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब लोग पहले से आर्थिक दबाव झेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के समय कच्चे तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल से अधिक पहुंच गई थी, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने सब्सिडी देकर जनता को राहत दी थी। इसके विपरीत मोदी सरकार ने 2014 के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटने का लाभ जनता तक नहीं पहुंचाया और अब कीमत बढ़ने पर पूरा बोझ नागरिकों पर डाला जा रहा है।

राजीव गौड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार तेल कीमतों से होने वाली अतिरिक्त कमाई का उपयोग अपने वित्तीय प्रबंधन के लिए करती रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सार्वजनिक उपक्रमों से मिलने वाले लाभांश की तरह पेट्रोलियम क्षेत्र से प्राप्त राजस्व का उपयोग भी सरकार अपनी आर्थिक स्थिति संभालने में कर रही है। देश आयातित कच्चे तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर पहले से अधिक निर्भर हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन में देश का सबसे बड़ा गैस भंडार मिलने का दावा किया था और नरेन्द्र मोदी ने तब कहा था कि इससे भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन जाएगा। बाद में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की कई रिपोर्टों में इसे 20 हजार करोड़ रुपये का घोटाला बताया गया, जिसे बाद में ओएनजीसी में विलय के जरिए दबा दिया गया।

### अफ्रीकी देशों के लिए जीरो-टैरिफ नीति जारी रखेगा चीन : चीनी राजदूत

**नयी दिल्ली :** भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने शनिवार को कहा कि चीन अफ्रीकी देशों के लिए शुल्क मुक्त (जीरो-टैरिफ) नीति को जारी रखेगा। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता फेइहोंग ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि चीन उन सभी अफ्रीकी देशों को शुल्क मुक्त सुविधा देने वाली पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिनके साथ उसके राजनयिक संबंध हैं। यह जीरो-टैरिफ नीति चीन और अफ्रीका के बीच व्यापक सहयोग का हिस्सा है। चीन-अफ्रीका संबंध ईमानदारी, व्यावहारिक परिणाम, मित्रता, सद्भावना, लोगों के बीच आपसी जुड़ाव और साझा विकास की भावना पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि चीन अफ्रीकी देशों के साथ साझा विकास के लिए आर्थिक साझेदारी संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर जारी रखेगा।

# कृष्ण मोहन झा को मिला 'भारतीय पत्रकारिता रत्न' सम्मान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन झा को राजधानी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित "ऑल मीडिया काउंसिल अवार्ड 2026" समारोह में प्रतिष्ठित "भारतीय पत्रकारिता रत्न" सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी ने प्रदान किया।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुरली मनोहर जोशी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में साध्वी निरंजन ज्योति सुरेंद्र चौधरी एवं महाराजा श्रीमंत राम लक्ष्मण सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। कृष्ण मोहन झा पिछले तीन दशकों से अधिक समय से सक्रिय पत्रकारिता, वैचारिक लेखन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और वैचारिक पत्रकारिता में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। देश के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों एवं मंचों पर राजनीति, राष्ट्रवाद, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक चेतना और समसामयिक विषयों पर उनके सैकड़ों लेख प्रकाशित हो चुके हैं। कृष्णमोहन झा ने अपने पत्रकारिता जीवन की शुरूआत वर्ष 1995 में देशबंधु समाचार पत्र से की थी इसके बाद अमृत संदेश , जनसत्ता जैसे महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में कार्य करने के बाद उन्होंने संघर्षों के बीच मंडला में वर्ष 2000 में "मंडला समाचार" नामक स्थानीय टीवी चैनल की शुरूआत कर क्षेत्रीय मीडिया में नई पहचान बनाई। बाद में वे राष्ट्रीय स्तर की मीडिया संस्थाओं से जुड़े तथा विभिन्न समाचार चैनलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई भी वे वर्षों तक लड़ते रहे है वे IFWJ के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे है इसके अतरिक्त वे देश के प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के फाउंडर अध्यक्ष भी रहे है। हाल ही में उन्होंने पत्रकारों के वेलफेयर के लिए जर्नलिस्ट वेलफेयर फाउंडेशनकी स्थापना भी की है। पत्रकारिता के साथ-साथ कृष्ण मोहन झा सामाजिक कार्यों खेल कूद और सांस्कृतिक एवं वैचारिक लेखन के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्र निर्माण, भारतीय संस्कृति और समसामयिक राजनीति पर उनके लेख व्यापक रूप से चर्चित रहे हैं। उनकी शीघ्र प्रकाशित होने वाली पुस्तक "डॉक्टर मोहन भागवत संदेश" विशेष रूप से चर्चा में है, जिसमें संघ प्रमुख के विभिन्न विचारों और संबोधनों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। पूर्व में वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित दो पुस्तकें "महानायक मोदी" एवं "यशस्वी मोदी" भी लिख चुके हैं। वर्तमान में वे मीडिया, लेखन और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों पर कार्य कर रहे हैं। "NewsFest" एवं अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से वे राष्ट्र, संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक चेतना से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर अपने संबोधन में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि ऑल मीडिया काउंसिल पिछले 10 वर्षों से पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के मूल्यों को संरक्षित रखने के लिए समर्पित एवं राष्ट्रहित में सोच रखने वाले पत्रकारों की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय भाषाएं राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना की आधारशिला : श्रीनिवास वरखेड़ी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नयी दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि भारत की भाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और ज्ञान परंपरा की आधारशिला हैं। भारतीय भाषाओं को सशक्त करना ही भारत की आत्मा को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय भाषाओं को शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र में स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल है तथा सीबीएसई का त्रिभाषा सूत्र (आर-3) उसी दूरदर्शी सोच का व्यावहारिक स्वरूप है। प्रो. वरखेड़ी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि जो विद्यार्थी प्रारंभिक कक्षाओं से भारतीय भाषाओं का अध्ययन करते आए हैं, उन्हें माध्यमिक स्तर पर भी भाषाई निरंतरता का अवसर मिलना चाहिए। मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, आत्मविश्वास और सृजनात्मक क्षमता को मजबूत करती है। भारत की भाषाई विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसका संरक्षण तथा संवर्धन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कक्षा 9 से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा त्रिभाषा सूत्र लागू किए जाने के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में दायर जनहित याचिका के बाद देशभर में भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक पहचान और शिक्षा नीति को लेकर व्यापक बहस शुरू हो गई है। शिक्षाविदों, भाषाविदों और भारतीय भाषाओं के समर्थकों ने इसे केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि देश की भाषाई विरासत, सांस्कृतिक निरंतरता और शैक्षिक समानता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य का निर्धारण सीमित अभिजात्य वर्ग या विदेशी भाषा समर्थक समूहों की अपेक्षाओं के आधार पर नहीं किया जा सकता। अधिकांश विद्यार्थी आठवीं कक्षा तक किसी भारतीय भाषा का अध्ययन करते हैं, इसलिए उन्हें कक्षा 9 एवं 10 में भी उसी भाषा को आगे पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। प्रो. वरखेड़ी ने स्पष्ट किया कि भारतीय भाषाओं के संवर्धन का अर्थ किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सदैव वैश्विक ज्ञान के प्रति उदार रहा है, लेकिन अपनी भाषाई जड़ों को कमजोर कर कोई भी राष्ट्र लंबे समय तक आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नहीं रह सकता।

### महाराष्ट्र के डोंबिवली और नवी मुंबई से 24 नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के डोंबिवली और नवी मुंबई में पुलिस ने 24 नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 14 पुरुष, 6 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। इस मामले की गहन छानबीन की जा रही है। कल्याण सर्किल के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गोपनीय जानाकरी के आधार पर नवी मुंबई और ठाणे पुलिस ने बीती रात संयुक्त रुप से खोनी के पलावा इलाके में डाउनटाउन और क्राउन पलावा की बिल्डिंग्स में कॉम्बिंग ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन के दौरान 24 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए नागरिकों में 14 पुरुष, 6 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। पुलिस जांच में पता चला कि उनमें से 8 के पास भारत में रहने के लिए जरूरी सरकारी कागजात नहीं थे। जांच में यह भी पता चला कि 9 नाइजीरियन नागरिकों के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में ड्रग तस्करी और ड्रग से जुड़े अपराध दर्ज हैं। पुलिस ऑपरेशन के दौरान एक चौंकाने वाली घटना हुई जब एक नाइजीरियाई महिला बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूद गई। इस घटना में वह घायल हो गई है और उसका इलाज चल रहा है। संबंधित नागरिकों के वीजा, पासपोर्ट और दूसरे डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन चल रहा है और उन घर मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी जो अवैध रूप से रहने में मदद कर रहे हैं।

### सिंधिया का कॉकरोच जनता पार्टी पर तंज, बोले-ट्रेंड से नहीं, जनता के बीच काम करने से चलती है राजनीति




**शिवपुरी :** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राजनीति ट्रेंड से नहीं, बल्कि जनता के बीच काम करने से चलती है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शनिवार को मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' में शामिल होने के पहुंचे थे। यहां उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल 'कॉकरोच जनता पार्टी' को लेकर पूछे गए सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश की जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में जुटी है। उन्होंने माना कि एक टिप्पणी के बाद 'कॉकरोच जनता पार्टी' का मुद्दा सोशल मीडिया पर चर्चा में जरूर आया, लेकिन भाजपा का मुख्य ध्यान सिर्फ देश के विकास और जनता की सेवा पर केंद्रित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर रोज नए-नए मुद्दे सामने आते रहते हैं, लेकिन वास्तविक राजनीति जनता के बीच रहकर काम करने से ही होती है और भाजपा देश को आगे बढ़ाने के कार्य में निरंतर लगी हुई है। भाजपा का एक-एक योद्धा, राष्ट्र प्रगति के संकल्प के लिए न रुकेगा, न झुकेगा: सिंधिया केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शनिवार को शिवपुरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में कार्यकताओं के साथ संवाद करते हुए विकसित भारत 2047 के संकल्प, अंत्योदय की भावना और संगठन की वैचारिक शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक योद्धा राष्ट्र प्रगति के संकल्प के लिए न रुकेगा, न झुकेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वे भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ कार्य करें। सिंधिया ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए, क्योंकि निरंतर सीखने वाला कार्यकर्ता ही जनसेवा को नई दिशा देता है। यही संदेश देते हुए, आज गुना में जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान' में हमारे देवतुल्य कार्यकताओं के साथ आत्मीय संवाद किया। माँ भारती की सेवा, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी तपस्या, समर्पण और कर्मनिष्ठा से अमूल्य योगदान दे रहा है। आप जैसे समर्पित सभी कर्मयोगी साथियों पर मुझे गर्व है। ट्रेंड या फॉलोअर्स की संख्या से नहीं चलती राजनीति: खंडेलवाल वहीं, सिंधिया के साथ शिवपुरी पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बढ़ते फॉलोअर्स को लेकर कहा कि सोशल मीडिया और जमीनी राजनीति में बहुत बड़ा अंतर होता है। उन्होंने कहा कि कई बार कोई बात तेजी से वायरल हो जाती है और कुछ दिनों तक चर्चा में बनी रहती है, लेकिन उसका प्रभाव लंबे समय तक नहीं टिकता। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजनीति केवल इंटरनेट के ट्रेंड या फॉलोअर्स की संख्या से नहीं चलती है। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस या कोई भी अन्य दल हो, वे अपनी विचारधारा और संगठन के दम पर कई वर्षों से जनता के बीच सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। केवल वही पार्टी या विचारधारा लंबे समय तक टिक पाती है, जो जनता के बीच रहकर काम करती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902